www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

05 जुलाई, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 255

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977




# हेमंत ने संभाली झारखंड की कमान

- राज्य के 13वें मुख्यमंत्री बने, ली शपथ
- 8 जुलाई को विधानसभा का विशेष सत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक बार झारखंड की कमान हेमंत सोरेन के हाथों में आ गयी है। राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। जेल से निकलने के छठे दिन उन्होंने झारखंड की कमान एक बार फिर से अपने हाथ में ले ली है। झारखंड गठन के 24 साल में वे 13वें मुख्यमंत्री बन गये हैं। इसके साथ ही तीसरी बार पद की शपथ लेनेवाले वे तीसरे मुख्यमंत्री हैं। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और भाजपा के अर्जुन मुंडा तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद हेमंत सोरेन प्रोजक्ट भवन पहुंचे। उन्होंने 8 जुलाई को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मंजूरी दी। इस दिन हेमंत सरकार विश्वास मत हासिल करेगी।

गौरतलब है कि बुधवार को इंडी गठबंधन के विधायकों की बैठक हुई थी। इस बैठक में हेमंत सोरेन को नेता चुना गया था। इसके बाद शाम को चंपाई सोरेन ने राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंपा था। इसके साथ ही हेमंत सोरेन ने गठबंधन दल विधायकों का समर्थन पत्र सौंपते हुए सरकार गठन का दावा पेश किया था। राजभवन ने गुरुवार दोपहर 12:30 बजे इंडी गठबंधन के नेताओं को आमंत्रित किया था। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता राजभवन गये थे। राज्यपाल ने उन्हें सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद हेमंत सोरेन ने शाम पांच बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

**सादे समारोह में हेमंत ने ली शपथ:** राजभवन में सादे समारोह में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस मौके पर हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन के अलावा झामुमो, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**मंत्रियों के नाम लगभग तय:** हेमंत सरकार में कैबिनेट मंत्री कौन होंगे, इसकी रूपरेखा लगभग तैयार हो चुकी है। गठबंधन दल ने अपने-अपने कोटे के मंत्रियों के नाम लगभग तय कर लिये हैं। झामुमो और कांग्रेस दोनों ओर से एक-दो नये चेहरे देखने को मिलने की संभावना है। हेमंत सोरेन अपनी कैबिनेट का विस्तार संभवतः 7 जुलाई को करेंगे। कुछ सूत्रों का कहना है कि विश्वासमत के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार होगा।

(पेज 03 भी देखें)



## सचिवालय पहुंचे हेमंत सोरेन

शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिरसा चौक पहुंचे। यहां पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा- सुमन अर्पित किया। इसके बाद वह प्रोजक्ट भवन गये। यहां मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया। प्रोजेक्ट भवन में पत्नी कल्पना सोरेन, कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा अन्य लोग, राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद हेमंत सोरेन ने पंचम झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 08 जुलाई को बुलाने का निर्णय लिया। इस दिन मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद् में विश्वास के प्रस्ताव का उपस्थापन, वाद-विवाद एवं मतदान होगा।



*यदि आप संविधान के अनुसार चलें, तो संविधान हम सभी से गरीबों की समस्या का समाधान करने की अपेक्षा करता है। यही अपेक्षा मेरी नयी सरकार से भी है।*

**– सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल**



*वर्तमान महागठबंधन की सरकार ने 2019 से जनता की भावनाओं के अनुरूप सारी कार्य योजनाएं कीं। राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच चंपाई सोरेन ने उसे आगे बढ़ाया, क्योंकि मैं जेल में था। जेल क्यों गया था, इस पर अब चर्चा नहीं करूंगा। न्यायालय का आदेश पब्लिक डोमन पर है। सभी देख सकते हैं। मैं उनके आदेश पर बाहर आया। आज फिर अपने कार्यभार को संभाल लिया। अब आगे के काम किये जायेंगे।*

**– हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**



*जनता, पार्टी कार्यकर्ता सबकी शुभकामनाएं हैं और हाइकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में और तेजी से कार्य करेंगे। गांडेय मेरी प्राथमिकता है और रहेगी।*

**– कल्पना सोरेन, विधायक**



*हेमंत सोरेन को नयी सरकार के गठन के लिए मैं बधाई देता हूं। गठबंधन दल के सभी नेताओं को शुभकामनाएं देता हूं। हमें पूरी उम्मीद है कि वे सभी कार्यों को पूरा करेंगे।*

**– चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री**

# 155 दिन बाद फिर आपकी सेवा में....



## हेमंत सोरेन के संदेश में कई बातों के संकेत

**प्रशांत झा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को शाम करीब 7 बजे एक संदेश जारी किया था। इसके 154 दिन बाद 4 जुलाई को एक बार फिर एक संदेश जारी किया। हेमंत के दोनों संदेशों में लोगों के सेवाभाव की बात दिखी। राज्य के विकास की बात दिखी। संघर्ष की बात दिखी। नहीं झुकने की बात दिखी। अधिक मजबूती से विपक्ष को जवाब देने की बात दिखी। उन्होंने शपथ ग्रहण से पहले जो संदेश जारी किया है, वह कई बातों का संकेत दे रहा।

**31 जनवरी को क्या कहा था:** हेमंत ने 31 जनवरी के संदेश में कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) मुझे गिरफ्तार कर रही है। बगैर किसी सबूत के मुझे गिरफ्तार किया जा रहा। क्योंकि आदिवासी, मूलवासी, गरीब, पिछड़ों की मैं सेवा कर रहा हूं। झारखंड में विकास हो रहा। यह उन्हें पच नहीं रहा। षडयंत्र कर मुझे फंसाया जा रहा है। एक नयी लड़ाई लड़ने जा रहा हूं। शिबू सोरेन का बेटा हूं। संघर्ष हमारे खून में है। मैं और मजबूती से संघर्ष के लिए तैयार होकर आपकी सेवा में लौटूंगा। हेमंत सोरेन के निर्दोष होने की बात वाले संदेश पर हाइकोर्ट ने मुहर लगा दी। हाइकोर्ट ने जमानत के मुद्दे पर फैसला सुनाते हुए कहा कि इडी के पास हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है।

**लोकसभा चुनाव का किया जिक्र:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज मैं पुनः आपके सामने हूं। 2019 में आप सब लोगों ने मुझे राज्य को एक दिशा देने के लिए, आपकी सेवा करने का मौका दिया था। लेकिन, षड्यंत्रकारियों को यह पचा नहीं कि एक आदिवासी नौजवान इतने ऊंचे पद पर रहे। अंततः 31 जनवरी को इन लोगों ने बेबुनियाद आरोपों पर, झूठे मुकदमे बना कर मुझे मुख्यमंत्री के पद से हटने के लिए मजबूर कर दिया। हेमंत ने कहा कि कहीं न कहीं आज आप लोगों की दुआ और आपका आशीर्वाद मिला। लोकसभा चुनाव में झारखंडी एकता का जो परिचय आपने दिया है, उसके लिए हम आपके सदैव ऋणी रहेंगे।

### हेमंत सोरेन ने जज्बे को साबित किया

हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को संदेश में सही कहा था कि अब नयी लड़ाई लड़नी होगी। इन सामंतवादी विचार वाले दोबारा ऐसा नहीं कर सकें, इसके लिए नयी लड़ाई लड़नी होगी। मैं संघर्ष और आपके आशीर्वाद से और मजबूत होकर आऊंगा। हेमंत सोरेन ने अपने इस जज्बे को साबित कर दिया। कोर्ट में पांच महीने की लड़ाई के बाद जेल से बाहर आये। राजभवन में जिस जगह से इस्तीफे के बाद 31 जनवरी को गिरफ्तारी हुई थी, वहीं 4 जुलाई को फिर से शपथ ली।

### 4 जुलाई के संदेश में क्या कहा

हेमंत सोरेन ने शपथ ग्रहण से पहले गुरुवार को एक बार फिर वीडियो संदेश जारी किया। इसमें भी उन्होंने गरीब, आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ों आदि की बात की। इसमें भी राज्य के विकास की बात कही। संदेश में उन्होंने कहा कि विरोधियों ने मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे अपने षड्यंत्र में कामयाब भी हुए। पांच महीने तक इन लोगों ने मुझे अलग-अलग तरीके से लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया। हमने भी कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना। सड़कों पर आपने हमें भरपूर सहयोग दिया। अंततः न्याय के आदेश के अनुरूप और न्याय ने मुझे पाक-साफ करार देते हुए बरी किया।

### लोगों के हित और विकास की बात कही

गुरुवार को संदेश में हेमंत ने कहा कि हमने पहले भी कहा है कि हम झारखंड प्रदेश और यहां के आदिवासी, पिछड़े, दलित, किसान, मजदूर की आवाज हैं. लड़ कर झारखंड लिया है। गरीबों को कभी किसी ने प्यार से कुछ नहीं दिया। उन्हें हमेशा संघर्ष करना पड़ा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि जब आपने हमें सेवा करने का मौका दिया, तो हमने अनवरत आपके दरवाजे तक पहुंचने की कोशिश की। लेकिन, इन लोगों ने एड़ी चोटी का जोर लगा कर हमारे कदमों को कुछ देर के लिए रोक दिया। हम फिर आपके बीच आ रहे हैं। आपका हक-अधिकार आप तक पहुंचाने का मेरा प्रयास रहेगा। मेरा हर एक निर्णय यहां के मूलवासी-आदिवासियों, दबे-कुचले, शोषित-पिछड़े वर्गों के लिए काम करूंगा। अब मैं शपथ लेने जा रहा हूं। शपथ ग्रहण के बाद हम लोग जो रुकी हुई गाड़ी थी, उसको और गति के साथ आगे बढ़ाया जायेगा। गांव-गांव तक हम सब लोगों तक पहुंचेंगे। सरकार के विकास कार्यों को रफ्तार दिया जायेगा। अंत में उन्होंने कहा कि झारखंड रुकेगा नहीं, झारखंड झुकेगा नहीं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली चैंपियन टीम इंडिया

- मोदी ने सभी का किया स्वागत उनके परिजनों से भी मिले
- मुंबई में टीम इंडिया के स्वागत में लाखों की संख्या में पहुंचे लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली/मुंबई।** आइसीसी टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीत कर भारत लौटी टीम इंडिया का जोरदार स्वागत हुआ है। गुरुवार तड़के टीम इंडिया जब दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंची, तो भारी संख्या में फैंस उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे। इस दौरान खिलाड़ियों ने ट्रॉफी हाथ में लेकर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जम कर डांस भी किया। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंची। वहां टीम इंडिया के खिलाड़ी खास जर्सी में पहुंचे थे। उधर, देर शाम टीम इंडिया मुंबई पहुंची। रोड शो में लाखों लोग स्वागत के लिए जुटे। टीम इंडिया प्रधानमंत्री से जब मुलाकात करने पहुंची, तो खिलाड़ियों ने भारतीय टीम की जर्सी पहनी हुई थी, लेकिन इस जर्सी में एक खास बदलाव देखने को मिला। जर्सी पर इंडिया के नीचे चैंपियंस लिखवाया गया। प्रधानमंत्री ने ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवायीं। उन्होंने खिलाड़ियों को जम कर शाबाशी दी। उन्होंने इस जीत को लेकर अपनी भावनाएं भी जाहिर कीं। उधर, गुरुवार शाम को टीम इंडिया मुंबई पहुंची। यहां खिलाड़ियों का फैंस ने जोरदार स्वागत किया। टीम इंडिया का विजय जुलूस शाम 7:50 बजे नरीमन पॉइंट से शुरू हुआ। सभी खिलाड़ी विजय रथ (ओपन रूफ बस) पर सवार थे। खिलाड़ी ने तिरंगा और ट्रॉफी लिया था। उनके स्वागत के लिए लाखों की संख्या में लोग जुट गये। विजय रथ वानखेड़े स्टेडियम पहुंचा, जहां स्टेडियम में सम्मान में खिलाड़ियों को 125 करोड़ रुपये का इनाम दिया गया।






आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# जमीनी मुद्दे ही हावी रहेंगे इस विधानसभा चुनाव में

## ■ महागठबंधन पांच साल का काम गिनायेगा, तो भाजपा बोलेगी काम हुआ नहीं

## ■ डेमोग्राफी चेंज और झारखंड में जमीन लूट का मुद्दा उठायेगी भाजपा

## ■ सत्ता पक्ष केंद्र का सौतेला व्यवहार और 1.36 लाख करोड़ के बकाया का मुद्दा उठायेगा

**आजाद सिपाही विशेष**

हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ महागठबंधन ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। हेमंत की अगुवाई में महागठबंधन आक्रामक मूड में विधानसभा चुनाव में उतरने को तैयार है, तो वहीं भाजपा ने भी महागठबंधन की रणनीतियों को ध्वस्त करने के लिए हथियारों से लैस रथ सजा लिया है। महारथियों को टास्क दिया जा रहा है। वहीं महागठबंधन का सबसे मजबूत और प्रभावशाली घटक जेएमएम अब चुनावी रण के लिए पूरी तरीके से तैयार है। झामुमो हेमंत सोरेन के खिलाफ हुई नाइंसाफी और महागठबंधन सरकार के पांच साल के दौरान हुए काम के आधार पर जनता के बीच जायेगी। वह बतायेगी कि चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन ने जो-जो वादा किया था, उसमें से कितने काम सफलतापूर्वक हो गये और कौन-कौन से काम पाइपलाइन में हैं। वहीं भाजपा के पास भी मुद्दों की कमी नहीं है। भाजपा भी सरकार के पांच साल का हिसाब जनता के समक्ष रखेगी। गिनवायेगी कि सरकार ने बोला क्या और किया क्या। झारखंड के परिप्रेक्ष्य में लोकसभा चुनाव का मुद्दा अलग था और विधानसभा चुनाव का मुद्दा पूरा अलग होनेवाला है। लोकसभा चुनाव में भाजपा-आजसू जहां रक्षात्मक मुद्रा में थे, वहीं विधानसभा चुनाव में झामुमो-कांग्रेस-राजद का महागठबंधन रक्षात्मक रहेगा, क्योंकि वह सत्ता में है। इस विधानसभा में सत्तारूढ़ महागठबंधन अपनी पांच साल की उपलब्धियों के साथ आरक्षण, सरना धर्म कोड, आदिवासी अस्मिता और स्थानीयता जैसे भावनात्मक मुद्दों पर जोर देगा, तो भाजपा-आजसू का जोर महागठबंधन सरकार की वादाखिलाफी, बेरोजगारी, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के साथ परिवारवाद जैसे मुद्दों पर रहेगा। लेकिन इस बार भाजपा के पास जो सबसे अहम मुद्दे हैं, वे हैं झारखंड में डेमोग्राफिक बदलाव और झारखंड में जमीन लूट। भाजपा इस मुद्दे को किसी भी तरीके से हाथ से नहीं जाने देना चाहेगी, वह जोर-शोर से यह कहेगी कि जल-जंगल-जमीन बचानेवालों के शासनकाल में यह सब हो रहा है। कहने का तात्पर्य यह है कि विधानसभा चुनाव में मुद्दों की कोई कमी नहीं होगी और इस लिहाज से यह चुनाव बेहद रोमांचक होगा। अब यह दलों और गठबंधनों पर निर्भर करेगा कि कौन अपने मुद्दे पर वोटरों को कितना गोलबंद करता है। झारखंड विधानसभा चुनाव में क्या हो सकते हैं मुद्दे और उनका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड के तेजी से बदलते राजनीतिक परिदृश्य में अब विधानसभा चुनाव से जुड़ी गतिविधियां भी जोर पकड़ने लगी हैं। इसके अलावा दोनों पक्ष अपने-अपने चुनावी हथियार की धार को चमकाने में लग गये हैं। महज एक महीने पहले संपन्न लोकसभा चुनाव में झारखंड से जुड़े मुद्दे कम ही उठाये गये, लेकिन अगले चार-पांच महीने में होनेवाले विधानसभा चुनाव में यही मुद्दे केंद्र में होंगे। इस बार विधानसभा चुनाव की एक खासियत यह होगी कि यह लोकसभा चुनाव से पूरी तरह अलग होगा, क्योंकि लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा-आजसू रक्षात्मक थी, वहीं विधानसभा चुनाव में वह हमलावर रहेगी। वहीं हेमंत सोरेन की जेल यात्रा शायद अब उतनी प्रभावी नहीं रहेगी, जितनी लोकसभा चुनाव के दौरान थी, क्योंकि उन्होंने झारखंड की फिर से कमान संभाल ली है। अब सरकार को जनता के बीच अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जाना होगा। पूरे हुए वादों को गिनाना होगा। जो वादे पूरे नहीं हुए, उसका स्पष्ट कारण बताना होगा। फिर जनता निर्णय लेगी कि उसके हिसाब से सरकार ने काम किया है या नहीं। वहीं जनता भी भाजपा से अपेक्षा रखेगी कि वह उसके लिए पिटारे में क्या लानेवाली है। भाजपा को सटीक मुद्दों के साथ मैदान में उतरना होगा। सिर्फ सरकार की खामियों को गिना कर उसकी चुनावी नैया पार नहीं होगी।

### क्या होंगे सत्ताधारी गठबंधन के मुद्दे

झारखंड में लोकसभा चुनाव की जंग हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद बेहद रोमांचक रही, लेकिन अब हेमंत जेल से बाहर आकर सत्ता संभाल चुके हैं, तो सत्ताधारी गठबंधन के लिए यह मुद्दा अब आदिवासी अस्मिता में बदल गया है। हेमंत सोरेन के अलावा कांग्रेस और राजद ने 28 जून के बाद से जिस तरह इस मुद्दे को उठाया है, उससे तो यही लगता है कि विधानसभा चुनाव में उसके पास यह एक प्रमुख हथियार होगा। चूंकि हेमंत सोरेन एक बार फिर राज्य की सत्ता संभाल चुके हैं, तो वह 2019 के बाद से करीब चार साल तक के अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को भी जनता के सामने मजबूती से रखेंगे। 'आपकी सरकार, आपके द्वार' और नशामुक्ति जैसे लोकप्रिय अभियानों के अलावा अबुआ आवास और दूसरी कल्याणकारी योजनाओं को सत्ता पक्ष भुनाने का पूरा प्रयास करेगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन के पास जो सबसे प्रभावी चुनावी हथियार है, वह झारखंड की जनभावना से जुड़ा है। इसमें आरक्षण, सरना धर्म कोड, केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया, स्थानीयता नीति और केंद्रीय योजनाओं में झारखंड के हिस्से में कटौती जैसे मुद्दे शामिल हैं। सत्ताधारी महागठबंधन को पता है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे उसके लिए कुछ मुश्किल पैदा करेंगे, तो इसकी काट के लिए वह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद करने का मुद्दा उठा सकता है। खासकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंडी अस्मिता से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसे लेकर 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा दिया है। इसके अलावा महागठबंधन के पास जल-जंगल-जमीन और स्थानीयता के मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों को केंद्र में रखने की रणनीति बनाया है। 2019 में सत्ता संभालने के बाद वैश्विक महामारी के दौरान राज्य सरकार द्वार किये गये कार्यों की भी याद हेमंत सोरेन दिला सकते हैं।




### इन मुद्दों पर महागठबंधन को घेरेगी भाजपा-आजसू

जहां तक विपक्षी भाजपा-आजसू का सवाल है, तो उसके पास विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार और परिवारवाद ही रहेगा। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बना कर आक्रामक प्रचार अभियान छेड़ा था, हालांकि उसका बहुत अधिक असर नहीं पड़ा। जनवरी में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद सामने आये टेंडर घोटाले में कांग्रेसी मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी ने भाजपा को बड़ा मुद्दा दिया है। इसके अलावा जमीन घोटाला, खनन घोटाला और कोयला-पत्थर-बालू की तस्करी ऐसा मुद्दा है, जिस पर भाजपा-आजसू ने महागठबंधन पर बड़ा हमला करने की योजना बनायी है। चुनाव के दौरान भाजपा इस बात पर भी जोर देगी कि जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का विलाप कर रहे झामुमो-कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद जनता को बरगलाया है। इसके बाद खनिजों से ही जुड़े डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट) का सवाल उठा कर भाजपा-आजसू महागठबंधन सरकार को कठघरे में खड़ा करेगी। इन दो बड़े मुद्दों के अलावा भाजपा-आजसू के पास पांच साल के दौरान राज्य में बढ़ी बेरोजगारी, महागठबंधन की वादाखिलाफी और दूसरे मुद्दे भी होंगे। भाजपा ने चतरा, लातेहार, पलामू और खूंटी इलाके में नक्सलियों के संरक्षण में अवैध तरीके से अफीम की खेती और इसकी तस्करी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरने की रणनीति बनायी है।

### संविधान और आरक्षण का सवाल

इन मुद्दों के अलावा कांग्रेस और झामुमो द्वारा भाजपा पर संविधान को बदलने की साजिश रचने का आरोप भी मढ़ा जा सकता है। इसके जवाब में एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के पास यह कहने को होगा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से का आरक्षण अपने वोट बैंक में बांट देना चाहती है। इसके साथ ही भाजपा महागठबंधन द्वारा 2019 में युवाओं से किये गये वादों को याद करायेगी और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर मुखर होगी। इसके बाद सबसे अहम मुद्दा नगर निकाय चुनाव का है, जिसे भाजपा-अजसू भुनाने को तैयार है। झारखंड में डेमोग्राफी परिवर्तन और जोर-शोर से जमीन लूट के सिलसिले को भी भाजपा भुनाने वाली है। किस तरीके से झारखंड में डेमोग्राफी परिवर्तन हुआ है, वह बड़ा ही डरावना है। उसका आंकड़ा आदिवासियों के लिए बड़ा ही भयावह है। अगर सरकार इस मुद्दे पर विचार नहीं करेगी, तो आने वाले 25 सालों में आदिवासियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। बांग्लादेश घुसपैठ पर अभी-अभी झारखंड हाइकोर्ट के आदेश से विपक्ष को बल मिलेगा। वहीं जिस पैमाने पर झारखंड में जमीन की लूट चल रही है, उससे आम लोग बेहद सताये हुए महसूस कर रहे हैं। उनकी जमीन को साजिश रच कर जमीन दलाल हथिया रहे हैं। एक बहुत बड़ा रैकेट इस षडयंत्र में शामिल है। भाजपा इस मुद्दे को आनेवाले विधानसभा चुनाव में प्रमुखता से उठायेगी।

इस तरह साफ है कि झारखंड विधानसभा का आसन्न चुनाव मुद्दों के लिहाज से बेहद आक्रामक और रोमांचक होगा। दोनों पक्षों के पास मुद्दों की कोई कमी नहीं है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इन मुद्दों पर लोग कितना भरोसा करते हैं। इसका जवाब तो चुनाव के बाद ही मिल सकता है।

# पार्टी को विधानसभा चुनाव में भी जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता संकल्पित और समर्पित : शिवराज

- ■ दो दिवसीय सांगठनिक दौरे पर रांची पहुंचे झारखंड भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।
- ■ एयरपोर्ट पर पार्टी पदाधिकारी, रांची महानगर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत।
- ■ एयरपोर्ट से सीधे पहुंचे बूथ अध्यक्ष रिंकू पासवान के घर, किया जलपान, परिजनों से मिले, जाना कुशल क्षेम।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को अपने दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका प्रदेश पदाधिकारियों एवं रांची महानगर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट से श्री चौहान सीधे हटिया विधानसभा अंतर्गत हिनू मंडल के बूथ संख्या 411 के अध्यक्ष रिंकू पासवान के आवास पर गये। परिजनों से मुलाकात की। कुशल क्षेम जाना एवं जलपान भी किया। मीडिया से बात करते श्री चौहान ने कहा कि बूथ का कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार है। बूथ पर संपर्क, संवाद और संघर्ष के माध्यम से पार्टी को जीत मिलती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कार्यकर्ता पार्टी को विधानसभा चुनाव में भी जीत दिलाने के लिए संकल्पित और समर्पित हैं। अपार ऊर्जा से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड अराजकता को समाप्त कर सुराज लाना है। उन्होंने कहा कि झामुमो सहित पूरा इंडी ठगबंधन परिवारवाद और सत्ता की भूख से ग्रसित है।

उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार का एक ही मंत्र मैं ही रहूंगा और कोई नहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे 5 साल का हिसाब-किताब बराबर करेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बेल पर छूटे हैं, आगे कानून अपना काम करेगा।देर शाम श्री सिंह हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव के आवास पर जाकर परिवारजनों से भेंट मुलाकात की। रात्रि भोजन भी किया।





**आज जायेंगे रामगढ़ :** केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 5 जुलाई को 9 बजे सुबह मंडल अध्यक्ष ओरमांझी के आवास पर जलपान करेंगे। 10 बजे पूर्वाह्न भाजपा जिला कार्यालय रामगढ़ में पार्टी की बैठक में शामिल होंगे। श्री सिंह शाम 5 बजे रांची प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करेंगे और देर शाम रांची से सेवा विमान द्वारा लौट जायेंगे।

# खुद चामा गांव जाकर ग्रामीणों को उनकी जमीन पर दखल दिलायेंगे: बाबूलाल मरांडी

## चामा के ग्रामीणों ने बाबूलाल मरांडी से जमीन बचाने की गुहार लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भू माफियाओं ने रांची के कांके स्थित चामा मौजा में लगभग 38 एकड़ भुइहरी, पहनई, गैरमजरुआ और रैयती जमीन पर कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया, तो भूमाफिया के गुर्गों ने फायरिंग कर ग्रामीणों को भगा दिया। वहीं अपनी दबंगई से बाउंड्री वाल भी कर दिया है। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। चामा के ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत कांके थाना में की है, जिसमे कमलेश कुमार, कांके रिसोर्ट के संचालक ब्रजेश कुमार सिंह और मनीष रंजन उर्फ विक्की जायसवाल पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। वहीं इससे संबंधित सभी आला अधिकारियों से भी शिकायत की है, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से जमीन बचाने की गुहार लगायी। गुरुवार को खुद बाबूलाल मरांडी ने चामा गांव पहुंच कर ग्रामीणों की व्यथा सुनी। वहीं बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राजधानी रांची से सटा हुआ गांव है। यहां सभी आला अधिकारी रहते है। उसके बावजूद उनकी आंख के नीचे आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। भूमाफिया आदिवासियों की भुइहरी, पहनई, रैयती और गैरमजरूआ जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमाफिया का मन इतना बढ़ा हुआ है कि उन्होंने जबरन कब्जा की गयी जमीन का म्यूटेशन तक करा लिया है। मरांडी ने कहा कि कांके अंचल के कई भूखंडों पर जमीन माफियाओं की नजर गड़ी हुई है। सत्ता के संरक्षण में रैयती, पहनई, भुइहरी और गैर मजरुआ जमीनों पर माफिया द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। मरांडी ने कहा कि खतियानी जमीन का फर्जी कागजात बना कर खरीद बिक्री की जा रही है। इसमें कांके सीओ की संलिप्तता है। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में लूट हो रही है। स्पेशल टास्क फोर्स या फिर स्पेशल कोर्ट गठित कर ऐसे मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाये। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो खुद वहां जाकर ग्रामीणों को उनकी जमीन पर दखल दिलायेंगे। बता दें कि भूमाफिया कमलेश कुमार इडी की पकड़ से फरार चल रहा है। लेकिन उसके गुर्गों ने बीते मंगलवार को चामा और नगड़ी में रैयतों के साथ आतंक मचाया। वहीं चामा में ग्रामीणों को डराने के लिए हवाई फायरिंग भी की। हालांकि कांके पुलिस ने गोली फायरिंग की पुष्टि नहीं की है। चामा के ग्रामीणों ने बताया कि कमलेश कुमार ने आदिवासियों की पहनई, भुइहरी जमीन पर जबरन कब्जा कर उस पर चहारदीवारी करा दी। उक्त जमीन को औने-पौने दाम पर खरीदने के लिए वह आदिवासियों को जबरन मजबूर करता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.39 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.07 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़ राजनीति में हेमंत ने रखा कदम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तीसरी बार मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन झारखंड की राजनीति का प्रभावशाली चेहरा है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के द्वितीय पुत्र हेमंत सोरेन इसके पहले दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। बड़े भाई दुर्गा सोरेन के असामयिक निधन के बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़कर राजनीति में आना पड़ा। उनका जन्म 1975 में रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ। राजनीति में कदम रखने के कुछ ही दिनों में वह शिबू सोरेन के उत्तराधिकारी बन गये। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी। बहुत कम उम्र में उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में बड़े मुकाम हासिल किये। हेमंत सोरेन का विवाह वर्ष 2006 में कल्पना मुर्मू सोरेन से हुआ है। हेमंत और कल्पना के 2 बेटे हैं।

**बैडमिंटन खेलने, किताबें पढ़ने का है शौक :** हजारीबाग के पास नेमरा गांव में 10 अगस्त 1975 को जन्मे हेमंत सोरेन ने पटना माध्यमिक स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई की और बाद में रांची में बीआइटी में दाखिला लिया, लेकिन पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। हेमंत को बैडमिंटन खेलने, साइकिल चलाने और किताबें पढ़ने का शौक है।

## 5 महीने जेल में रहे हेमंत सोरेन

झारखंड की राजधानी रांची के बड़गाईं में कथित जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी 2024 को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह चंपाई सोरेन को झारखंड का सीएम बनाया गया। पांच महीने की कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद हेमंत सोरेन को झारखंड हाइकोर्ट से जमानत मिली। 4 जुलाई को उन्होंने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

## कैसा रहा हेमंत का राजनीतिक सफर

महज 38 साल की उम्र में सबसे युवा मुख्यमंत्री के रूप में झारखंड की कमान संभालने से लेकर आदिवासी अधिकारों के लिए स्वयं को एक योद्धा के रूप में स्थापित करने तक हेमंत सोरेन का राजनीतिक सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। राजनीतिक विरासत के लिए हेमंत सोरेन झामुमो के प्रमुख शिबू सोरेन की पहली पसंद नहीं थे, लेकिन 2009 में अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन के बाद हेमंत ने राजनीति में अपने पैर जमाना शुरू कर दिया।

## राज्यसभा सदस्य के रूप में राजनीति में रखा कदम

हेमंत सोरेन ने 2009 में राज्यसभा सदस्य के रूप में राजनीति में कदम रखा था। इसके अगले वर्ष उन्होंने भारतीय जनता पार्टी नीत अर्जुन मुंडा सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए संसद के उच्च सदन से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, बाद में भाजपा-झामुमो सरकार गिर गयी और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

## 2013 में बने राज्य के सबसे युवा मुख्यमंत्री

हेमंत सोरेन ने 2013 में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के समर्थन से सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री के रूप में झारखंड की कमान संभाली। मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल अल्पकालिक था क्योंकि 2014 में भाजपा ने सत्ता हासिल कर ली और रघुवर दास मुख्यमंत्री बन गये, तब हेमंत विपक्ष के नेता बने। अपने सहयोगियों कांग्रेस और राजद के समर्थन से हेमंत 2019 में सत्ता में आये। तमाम समस्याओं के बीच हेमंत सोरेन ने खुद को राज्य के प्रभुत्वशाली आदिवासी समुदाय की एक मजबूत आवाज के रूप में स्थापित किया। वह राज्य में खनन गतिविधियों का आर्थिक लाभ आदिवासियों तक पहुंचाने के भी प्रबल समर्थक रहे हैं।




शपथ लेने के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बुके देकर स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बुके देतीं विधायक कल्पना सोरेन।



शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से कुशलक्षेम जाना।



झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, विधायक हफीजुल हसन, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, सांसदसुखदेव भगत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया और बधाई दी।



सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देतीं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन।



सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देते पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह।



सिदो-कान्हू उद्यान मोरहाबादी रांची में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य।



बिरसा चौक, रांची में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा- सुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनायी खुशी



**रांची (आजाद सिपाही)।** झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। अबीर -गुलाल के साथ मिठाई बांट कर एक-दूसरे को बधाई दी और एक स्वर से कहा कि असत्य पर सत्य की जीत हुई और मोदी सरकार, भाजपा के द्वारा प्रायोजित झूठ का उजागर हुआ। इस अवसर पर झामुमो के अरूण वर्मा, नवीन चंचल, तारकेश्वर महतो, महावीर विश्वकर्मा, रामशरण विश्वकर्मा, रामानंद बेदिया, सुनील साहू, फैयाज शाह, गुलाम रब्बानी समेत अन्य मौजूद थे।



शपथ ग्रहण करने के बाद प्रोजेक्ट भवन जाकर पदभार ग्रहण करते सीएम हेमंत सोरेन।



मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित मंदिर में पूजा -अर्चना करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन।

## सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है, आपके सुख-दुख में साथ खड़ी हूं : शेफाली गुप्ता



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर विधानसभा क्षेत्र के डाटो खुर्द पंचायत में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने गुरुवार को सघन दौरा किया। ग्रामीणों से मिलकर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जन समस्याएं सुनी। इस दौरान डाटो खुर्द पंचायत में संकलन कैंप आयोजित कर ग्रामीणों की केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर आवेदन प्राप्त किया। आवेदन प्राप्त कर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। साथ ही अन्य मुलभुत समस्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं डाटो खुर्द पंचायतवासियों ने केंद्रीय योजनाओं के लिए संकलन कैंप लगाकर समास्याओं की सुनने व जानने पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार व्यक्त किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा की जरूरतमंद परिवारों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिलाना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। मौके पर सत्यभामा, रानी शुक्ला, किशोरी राना, सुनीता देवी, सुदर्शन देव सिंह, लेखराज, दीपक, सुभाष, महेश, उलेखा और तेल्की देवी सहित अन्य शामिल थे।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सिंह का हाल-चाल लेने रविंद्र राय पहुंचे हजारीबाग



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह हुडकों के निदेशक रविंद्र राय भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि इचाक प्रखंड के मोक्तमा निवासी सत्यनारायण सिंह से मिलने हजारीबाग पहुंचे। भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सिंह काफी समय से बीमार चल रहे हैं। उनका कुशल छेम पूछने उनके आवास पर सर्किट हाउस के नजदीक पर मुलाकात कर उनके हौसलों को बढ़ाया और पुनः ठीक होकर अपने कामों मे लौट आये कह कर मनोबल बढ़ाया। इसी क्रम में सर्किट हाउस के प्रांगण में भाजपा नेता राणा राहुल प्रताप तथा जुगनू सिंह से मिलकर राजनीति और सामाजिक जानकारी प्राप्त किया।

## बड़कागांव में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आज, सभी कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय महा सचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी के निदेशानुसार 5 जुलाई समय सुबह 11:00 बजे बड़कागांव आजसू कार्यालय से पैदल मार्च के साथ बडकागाव प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 'हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया गया हैं। जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति, जिला समिति, प्रखण्ड समिति, पंचायत समिति, ग्राम प्रभारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा मोर्चा, चुलहा प्रमुख और अनुषंगी इकाई के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दल-बल के साथ उपस्थिति होने की अपील किया गया है।

## मुखिया ने किया डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डाढा गांव में डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन मुखिया सुनीता देवी ने फीता काट कर किया। इस दौरान मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि डिजिटल सेवा केंद्र खुलने से यहां का लोगों का सुविधा होगी। अब डिजिटल संबंधी कार्य के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर केंद्र के संचालक चिंता कुमारी, संस्थान के त्रिदेव कुमार, समाजसेवी दयानंद कुमार, टिकेश्वर प्रजापति, कृष्णा महतो, अंगिरा कुमारी, कन्हैया गिरी, विनोद दास, सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

## सहायक निदेशक ने वृद्ध आश्रम का दौरा किया




कोडरमा (आजाद सिपाही)। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निषाद ने झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत स्थित वृद्ध आश्रम का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने वहां रह रहे वृद्धाओं को वृद्ध पेंशन योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। वृद्धा आश्रम के केयरटेकर से बातचीत कर उन सभी वृद्धाओं को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

# केरेडारी में होटल से हथियार बरामद

**पुलिस ने होटल में धावा बोला परंतु, इसके पूर्व ही दोनों अपराधी हथियार को होटल में छोड़कर फरार हो गये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** केरेडारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी कृषि फार्म मैदान के नजदीक कुछ अपराधी विकास होटल में बीती मध्य रात्रि में हथियार के साथ अपने अन्य साथियों के साथ होटल में खाना खाने के बहाने किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में था। जिस पर केरेडारी पुलिस ने होटल में धावा बोला परंतु इसके पूर्व ही दोनों अपराधी हथियार को होटल में छोड़कर फरार हो गये, जिसका पीछा पुलिस के सशस्त्र बलों के द्वारा किया गया। परंतु रात्रि होने के साथ-साथ बारिश होने का लाभ उठाकर अपराधी फरार होने में कामयाब हो गये।

इधर छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे सब इंस्पेक्टर टिंकू कुमार सिंह ने चार कारतूस के साथ पिस्टल को विधिवत जब्ती सूची बनाकर जब्त कर थाना लाया गया। जहां अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया जिसका कांड संख्या 122/2024 धारा 25(1-बी) ए 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस दौरान होटल में खाना खाने बैठे कुछ लोगों और होटल संचालक पर संदेह होने के उपरांत कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी, जिसमें ये सभी निर्दोष साबित हुए, फिर भी इसके अभिभावकों से थाना में बांड भरवाकर इन सभी युवकों को बाद में छोड़ दिया गया।

## छुतहरी कटिया में हुई सड़क दुघर्टना मामले को राजनीतिक तूल ना दें : विधायक

**क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनायें रखें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के छुतहरी कटिया में बीते दिनों सड़क हादसे में हुई इमाम शहाबुद्दीन अंसारी की मौत को मॉब लिंचिंग का तुल देकर क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिश कोई नहीं करें, उक्त बातें गुरुवार को विधायक अमित कुमार यादव छूतहरी कटिया पहुंचने के बाद पत्रकारों से कही। विधायक ने कहा कि सहाबुद्दीन की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। यह मामला मॉब लीचिंग का नहीं हैं। इस संबध में एसपी, डीएसपी, पुलिस निरीक्षक स्थल पर पहुंचकर खुद जांच किये हैं। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रोड पर दुर्घटनाग्रस्त होने से उनकी मौत हुई हैं। कुछ राजनीतिक दल और संगठन के लोग इसे बेवजह तुल दे रहे हैं, जो सरासर गलत हैं। दुर्घटना मामला को मॉब लीचिंग का मामला दे रहे हैं। क्षेत्र में सभी वर्गों के लोग भाईचारगी से रहते हैं और क्षेत्र में अमन-चैन को कोई बिगाड़ने की कोशिश कि तो इसके लिए झारखंड सरकार और प्रशासन जिम्मेदार होगी। उन्होंने कहा कि इसमें चिन्हित कर कुछ लोगों को फंसाने की साज़िश की जा रही है। अगर किसी को झूठा फंसाया गया तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

## ट्रिपल राइडिंग और हेलमेट का न होना दुर्घटनाओं को आमंत्रण देना है : राणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के निमित्त अधिवक्ता व समाजसेवी राणा राहुल प्रताप विनोबा भावे विश्वविद्यालय के एमसीए विभाग विद्यार्थियों के बीच संबोधन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को मोटर वाहन चलाने के दौरान हेलमेट का उपयोग करने के साथ-साथ ट्रिपल राइडिंग से बचने की सुझाव दिया। अनेक मुकदमे का उदाहरण दिया जिसमें तीन सवारी लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर जीवन को खोया है या ऐसी अवस्था पाली है जो मृत्यु से भी बतर स्थित है। सदैव दूसरे पर आश्रित होकर जीवन यापन कर रहे हैं। हजारीबाग जीटी के बरकट्ठा से चौपारण तक सड़क पर वाहन काफी तेजी और लापरवाही से लोगों के चलने के कारण दुर्घटना को आमंत्रित देते हैं। खास कर की वर्तमान समय में चौपारण के पास और घाटी में लगभग प्रतिदिन दुर्घटनाएं को देखा जा सकता है और इसकी संख्या काफी अधिक है। वर्तमान समय में मोटर दुर्घटना दावा न्यायालय में विगत 3 वर्षों में लगभग 150 मुकदमे प्रतिवर्ष फाईल होते है। ये आंकड़े इस ओर इशारा करते हैं कि अनेक दुर्घटनाएं ऐसी भी है जो अज्ञात वाहन पर होते हैं और जिनका दावा वाद न्यायालय तक नहीं पहुंच पाता है। बच्चों को ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी का इंश्योरेंस समय पर करवाने की सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से निर्देशक डॉक्टर एस. के. शाहा ने संबोधन ने कहा कि अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रताप ने जो भी सलाह दी है अपनी कीमती समय निकालकर आपके बीच आये है, उसका पालन करें और बच्चों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा अपनी वाहन का इंश्योरेंस रखने का सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉक्टर संतोष श्रीवास्तव और जुगनू सिंह भी उपस्थित रहे ।

## गर्भपात के दौरान महिला की मौत

**लिंग परीक्षण में पता चल गया था गर्भ में बेटी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** भ्रूण हत्या अपराध है। इसके बावजूद बेटे की लालच में ग्रामीण इलाकों में धड़ल्ले से लिंग परिक्षण हो रहा है। अगर गर्भ में पल रहा शिशु बेटी है तो उसका मां का गर्भपात कराया जा रहा है। इसी क्रम में बेटा हजारीबाग के आशा किरण महिला अस्पताल से एक मामल प्रकाश में आया है। जहां गर्भपात के दौरान महिला की मौत हो गयी। इचाक के चपरख गांव की रहने वाली महिला लक्ष्मी देवी का गर्भपात करने के दौरान मौत हो गयी। वह तीन महीने से गर्भवती थी।

बताया जा रहा है कि बरही के अस्पताल ने उसका भ्रूण जांच करायी। पता चला कि कोख में बेटी पल रही है। परिवार वालों ने सहिया की मदद से उसे हजारीबाग के आशा किरण महिला अस्पताल लाया। गर्भपात करने के दौरान उसकी मौत हो गयी। यह घटना रात के एक बजे की है। मृतक लक्ष्मी देवी के पति ने बताया कि सहिया की मदद से अस्पताल लाया गया था। दरअसल ऐसा नियम बनाया गया है कि सहिया सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को लेकर आये, लेकिन कुछ पैसे के लालच में ग्रामीण क्षेत्र की सहिया गर्भवती महिला को निजी अस्पताल ले आती हैं और बड़ी घटना घट जाती है।

इचाक में सेवा देने वाली सहिया मंजू देवी ने बताया कि महिला को सदर अस्पताल लाना था, लेकिन दर्द अधिक होने के कारण उसे निजी अस्पताल लाया गया। वह तीन महीने से गर्भवती थी। मौत के बाद परिजनों ने जमकर अस्पताल में हंगामा किया है। ऐसे में लोसिघना थाना की पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची और परिजनों को भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। सूचना पाकर चनारो गांव के मुखिया भरत बिहारी महतो भी घटनास्थल पर पहुंची और कार्रवाई की मांग की।

## हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल, दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते संजीव बेदिया

**बड़कागांव।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के इस्तीफा देने के बाद हेमंत सोरेन ने गुरुवार शाम को झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली। जिसे लेकर बड़कागांव प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं में काफी उत्साह व हर्ष देखा गया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री बनने पर हेमंत सोरेन को बधाई दी है।

मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया, बड़कागांव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह और केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में अब दोगुनी उत्साह देखी जा रही है। आने वाला विधानसभा चुनाव में पुनः एक बार फिर झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, वरिष्ठ नेता झमन प्रसाद, विशेश्वर राम, प्रखंड सचिव सरोज कुमार मेहता, प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, हेमंत भुईंया, मीडिया प्रभारी संजय भुईंया, नंदकिशोर भुईंया, विनोद बेसरा, शंकर कुमार ,सूरज कुमार, फलेंद्र गंझु, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद हेसाम, एतवा टूरी, शांति देवी, विनोद कुमार यादव के अलावा दर्जनों लोग शामिल हैं।

## साइंस ओलिंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले डीएवी के बच्चे हुए पुरस्कृत



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में साइंस, इंग्लिश एवं ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने उनके अभिभावकों की गौरवमयी उपस्थिति में उन्हें मेडल, चेक एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। सत्र 2023 24 में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन रिजल्ट लेवल -2 में इंटरनेशनल इंग्लिश ओलिंपियाड का आयोजन किया गया था। इस ओलिंपियाड में विद्यालय की 2 ए की सिमरन कौर एवं सृष्टि यादव ने इंटरनेशनल रैंक वन एवं जोनल लेवल रैंक वन में गोल्ड मेडल के साथ एक हजार का गिफ्ट वाउचर प्राप्त किया। वहीं पर दसवीं कक्षा की शार्यंतिका मोदी ने जोनल रैंक 8 इंटरनेशनल रैंक 805 में गिफ्ट वाउचर तथा तन्मय सिंह 5 बी ने इंटरनेशनल रैंक 408 जोनल रैंक 6 में गिफ्ट वाउचर पारितोषिक के रूप में प्राप्त किया। डिस्ट्रिक टॉपर 10 ए की जिज्ञासा रानी एवं 5 ए की आरवी वर्मा ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें पारितोषिक के रूप मे चेक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रौशन किया।

# दारू में ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**आसिया से आये लोगों ने थाना के पास एनएच 522 को घंटो किया जाम, ट्रक मालिक को लाने की कर रहे थे मांग**

**पोस्टमार्टम के लिए नहीं जाने दे रहे ग्रामीण तीन घंटा तक 108 एंबुलेंस में पड़ा रहा शव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू (हजारीबाग)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरा में एसबीआई बैंक के समीप गुरुवार को एक ट्रक ने अधेड़ व्यक्ति को अपने चपेट में लें लिया। इससे घटना स्थल पर ही व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान इचाक थाना क्षेत्र के आशिया निवासी गाजो राम उम्र 55 वर्ष के रूप में किया गया। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी सफीक खान अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। उसके बाद 108 एंबुलेंस से शव को तुरंत दारू थाना ले आया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को झुमरा ने साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। दोपहर में कुछ देर मूसलाधार बारिश हुई थी। बारिश बंद होने के बाद लोग सड़क पर आ गये। साथ ही सड़क के दोनों किनारे पर बकरा व बकरी बेचने व खरीदने वालों भीड़ उमड़ी हुई थी। एनएच 522 में लोगों की काफी भीड़ होने के कारण सड़क जाम हो गया था। इसी क्रम में एक ट्रक जिसका नंबर जे एच 09अ 6017 हजारीबाग की ओर से आ रही थी। ट्रक जैसे ही एसबीआई के पास गजोराम को अपने चपेट में ले लिया। इससे ट्रक का चक्का मृतक के सिर पर चढ़ गया। इससे गजो राम की मौत घटना स्थल पर हो गयी। इस घटना की सूचना पाते ही मृतक के परिवार और आशिया गांव के लोग दारू थाना पहुंचे। जहां कुछ देर हंगामा किया। आशिया गांव के लोग ट्रक मालिक को बुलवाने की मांग करने लगे और शव को पोस्टमार्टम भेजने से रोक दिया। साथ ही साथ दारू थाना के पास ही एनएच 522 को एक घंटा तक जाम कर दिया। एनएच 522 की सूचना थाना प्रभारी ने विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैधनाथ प्रसाद और इंस्पेक्टर शाबी अहम्मद को दिया। इन दोनों के पहल और थाना प्रभारी के द्वारा अंतिम संस्कार के लिए निजी तौर पर 10000 रुपये नकद दिया। इसके बाद जाम हटाया गया। शव को परिजनों के साथ पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।


## ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत



हजारीबाग। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरिया ओवरब्रिज के समीप बुधवार देर रात्रि करीब 10 बजे ट्रक की चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान गोमीया के साड़म निवासी दीपक कुमार कश्यप पिता राम लखन कश्यप के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक के बाइक पर सवार सूचक ओमप्रकाश गुप्ता ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार डेमोटांड स्थित प्रिंटिंग प्रेस से देवघर यूनिट का अखबार लेकर देवघर वाली बस में देने बाइक से दीपक और ओमप्रकाश जा रहे थे। बाइक दीपक चल रहा था और ओमप्रकाश पीछे बैठा था। ओरिया ओवरब्रिज के समीप उबर-खाबर रास्तों की वजह से बाइक के बाएं तरफ से एक ट्रक ओवरटेक ले रहा था। ओवरटेक लेने के क्रम में ट्रक बाइक को धक्का मार दिया जिससे चलक बाएं तरफ ट्रक की ओर गिर गया और हेलमेट सहित चक्का उसके सर पर चढ़ जाने से घटनास्थल पर उसकी मौत हो गयी। वहीं ओमप्रकाश दाहिनी और गिरा जिससे उसे पर में चोट लगी। धक्का मार कर ट्रक फरार हो रहा था इसी क्रम में पीछे से एक अज्ञात बाइक ने ओम प्रकाश को अपने बाइक पर बैठकर सिंहनी के पास ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक को पकड़ते ही चालक वहां से फरार हो गया।

## बिना वैकल्पिक व्यवस्था के फुटपाथी दुकानदारों को हटाना सही नहीं : अभिमन्यु

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चल सके जिसको ले कर जिला प्रशासन के द्वारा नगर निगम छेत्र में लगे फूटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को हटा रही है। जिससे फूटपाथ दूकानदारों में काफी रोस है। फूटपाथ दुकानदारों का कहना है कि अगर वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होगी तो हमलोग कहा जायेंगे। हमलोगों का एक मात्र कमाई का साधन यहीं है। भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने भी वर्तमान सरकार की ओर नाराजगी जताते हुए कहा कि फूटपाथ दुकानदारों के पास पूंजी नहीं होने की वजह से वो फूटपाथ में अपनी छोटी मोटी दुकान, ठेला, झोपड़ी ला कर अपना जीवन यापन करते हैं। एक ओर फूटपाथ दुकानदारों को छोटी मोटी लोन उपलब्ध कराया जाता हैं और एक ओर वर्तमान सरकार की राज में फूटपाथ दुकानदारों का बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये उजाड़ दिया जाता है, जो कहीं से भी सही नहीं है। भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार ट्रैफिक वयवस्था को सुधारना जरुरी है, उतना ही जरुरी फुटपाथ दुकानदारों को स्थायी जगह देना भी जरुरी है। जिससे की फुटपाथ दुकानदारों का भरण पोषण हो सके। भैया अभिमन्यु ने फुटपाथ दुकानदारों से भी अपील किये है की फुटपाथ दुकानदारों को भी चाहिये कि अगर प्रशासन उनलोगों को भी निश्चित स्थान देती है, तो वो उसका उपयोग करें, ना कि फिर दुबारा उसी स्थान पर अपना दुकान लगाकर रोड को जाम करें। साथ ही फूटपाथ दुकानदारों को भी अपना भविष्य को देखते हुए अपना एक निश्चित और ठोस व्यवस्था करना चाहिए, जिससे आये दिन होने वाले अतिक्रमण अभियान से बच सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

## रांची में कहां-कहां ट्रैफिक पोस्ट की जरूरत

# चिह्नित कर बताये राज्य सरकार: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राजधानी रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि ट्रैफिक एसपी रांची शहर में ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लगातार अभियान चलायें। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह रांची शहर के चौक-चौराहों पर कहां-कहां ट्रैफिक पोस्ट की जरूरत है, उसे चिह्नित कर कोर्ट को बताएं। इसके अलावा ट्रैफिक पोस्ट में पुलिस के लिए वॉशरूम की व्यवस्था रखें।

कोर्ट ने मौखिक कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी 12 से 14 घंटे तक ट्रैफिक नियम के पालन को लेकर सड़कों पर तैनात रहते हैं। इसलिए उनके लिए ट्रैफिक पोस्ट में वॉशरूम की व्यवस्था भी होनी चाहिए। सरकार को इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाल में एक सप्ताह के भीतर 156 इ रिक्शा जब्त किया गया, जबकि पांच ऑटो रिक्शा को भी जब्त किया गया। कोर्ट को यह भी बताया गया कि 20 जून से एक जुलाई तक 18725 टू व्हीलर और फोर व्हीलर का चालान काटा गया है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि ट्रैफिक एसपी ने डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को कहा है कि ऑटो चालकों के ब्लू रंग का ड्रेस कोड इ रिक्शा चालकों के लिए भी करने की कार्रवाई की जाये।

कोर्ट ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि इ रिक्शा पर उनके चलने के लिए दिये गये परमिट वाले रूट चार्ट को लगाया जाये, ताकि वे दूसरे रूट में अपने इ रिक्शा ना चलायें। कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि वैसे रूट में इ रिक्शा को परमिट न दिया जाये, जहां प्रतिदिन जाम की समस्या रहती है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को ट्रैफिक पोस्ट के संबंध में जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है।

# सरला बिरला विवि में दो पुस्तकों का विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में दो पुस्तकों का विमोचन हुआ। दोनों पुस्तकों के लेखक प्रोफेसर अमित गुप्ता और डॉ मुकेश सिंह हैं। दोनों ही लेखकों ने पुस्तकों के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। पुस्तकों के लेखन के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने दोनों पुस्तकों का शोध छात्रों और स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि पुस्तक का प्रकाशन लेखक के लिए नहीं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए भी आनंद का विषय है। कहा कि इससे अन्य शिक्षक भी प्रभावित होकर पुस्तकों का प्रकाशन कर पायेंगे, जो छात्रों के लिए भी उपयोगी होगा। साथ में उनके करियर में भी सहयोग करेगा। उन्होंने दोनों लेखक को बधाई दी। इस अवसर पर प्रोफेसर पंकज गोस्वामी, डॉ संदीप कुमार, प्रो एसबी डांडिन, हरिबाबू शुक्ला, प्रवीण कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ मेघा सिन्हा, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ बीएन लक्ष्मी दुर्गा, डॉ नित्या गर्ग, डॉ अशोक अस्थाना समेत अन्य उपस्थित थे।

## अविनाश कुमार सीएम के अपर मुख्य सचिव



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार होंगे। अविनाश कुमार ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं। वह मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने गुरुवार शाम को अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि अविनाश कुमार पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ भी थे।

## टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गोंझू की जमानत पर फैसला सुरक्षित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में आरोपित टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गोंझू उर्फ दीपक कुमार की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने पूर्व में भीखन गोंझू की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। एनआइए से जुड़े एक मामले में वह 25 मार्च 2022 से जेल में है। मामले में एनआइए की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता ने कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों से धन इकट्ठा करने में सहायता करने के इरादे से सह अभियुक्तों के साथ एक आपराधिक साजिश रची थी और जानबूझकर लेवी से वसूली गयी राशि को छिपाया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह एक दैनिक श्रमिक है। लेवी वसूली से उसका कोई नाता नहीं है।

## जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का शुभारंभ



रांची (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान की शुरुआत गुरुवार को की गयी। नीति आयोग के संयुक्त सलाहकार डॉक्टर उपदेश कुमार शर्मा और रांची के उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। बता दें कि भारत सरकार ने 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत देश के 112 जिलों को शामिल किया था। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम का उद्घाटन जनवरी 2023 में किया गया, जिसमें देश के 500 प्रखंडों को शामिल किया गया। इसमें रांची जिला से मांडर प्रखंड का चयन किया गया है। दोनों कार्यक्रम आम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है।

## राजकीय हिंदी बालक मध्य विद्यालय में पौधरोपण किया गया




रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम की ओर से विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से राजकीय हिंदी बालक मध्य विद्यालय पहाड़ी टोला में पौधरोपण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य घनश्याम ओझा, समाजसेवी संजीव कुमार, गौरव अग्रवाल रहे। विद्यालय के सभी शिक्षकों को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## फ्रैंकलिन इंडिया मल्टी कैप फंड लांच

रांची (आजाद सिपाही)। फ्रैंकलिन टेंपलटन भारत ने एफआइएमसीएफ नामक अपने ओपन एंडेड मल्टी कैप डायवर्सिफाइड इक्विटी फंड को लांच करने की घोषणा की। इस फंड का उद्देश्य लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों की इक्विटी संबंधित प्रतिभूतियों के पोर्टफोलियो में निवेश करके दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि प्राप्त करना है। यह फंड नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रत्येक मार्केट कैप श्रेणी यानी लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप में संपत्ति का न्यूनतम 25 प्रतिशत बनाये रखेगा। फंड लांच और निवेश रणनीति पर जानकीरमन आर मुख्य निवेश अधिकारी ने कहा कि मजबूत मैक्रो बुनियादी ढांचे, मुद्रास्फीति के रुझान में सुधार, विवेकपूर्ण राजकोषीय नीतियों और राजनीतिक स्थिरता के कारण भारत की अर्थव्यवस्था मध्यम अवधि में मजबूत विकास के लिए तैयार है। कोविड के बाद इस फंड को विभिन्न छोटे और मध्यम सेक्टर, बाजार क्षेत्रों में होने वाले विकास से लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी के अध्यक्ष अविनाश सतवलेकर ने कहा कि इस फंड ने उभरते हुए अवसरों का लाभ के साथ लचीले और अनुशासित निवेश दृष्टिकोण अपनाये हैं।

## आज-कल भारी बारिश की संभावना

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के कुछ हिस्से में 5 और 6 जुलाई को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र की ओर से जानकारी दी गयी है कि 5 और 6 जुलाई को राज्य के उत्तरी और निकटवर्ती मध्य भाग में भारी बारिश होगी। इसमे रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात भी होने के संकेत हैं। वहीं राज्य में 8 जुलाई तक बारिश की जानकारी दी गयी है। जहां कुछ हिस्सों में दो या इससे अधिक बार बारिश हो सकती है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बाद राज्य के तापमान में कमी देखी जा रही है। केंद्र के अनुसार इसमें दस डिग्री तक की कमी महसूस की जा रही है। राजधानी रांची की बात करें तो यहां 10 जुलाई तक बारिश की संभावना है। जहां 7 जुलाई को दो या इससे अधिक बारिश की संभावना जतायी गयी है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में शांति शिक्षा पर कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में वैश्विक शांति शिक्षा पर राज विद्या केंद्र द्वारा कॉलेज के फादर सी. डिब्रावर सभागार में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा, एसजे के स्वागत भाषण से हुई। इस दौरान प्राचार्य ने बताया कि जीवन में शांति की क्या आवश्यकता है। शांति के कारण विद्यार्थी की सोचने और समझने की शक्ति दूसरों से अलग होती है। हर चीज के लिए भौतिकवादी होना जरूरी नहीं है। कार्यक्रम में प्रेम रावत द्वारा मानवता और शांति पर ज्ञानवर्द्धक वीडियो शो की प्रस्तुति हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य शांति शिक्षा था। वीडियो के माध्यम से बताया गया कि व्यक्तिगत पहचान से अपनी आंतरिक शक्ति और व्यक्तिगत शांति खोजने में मदद मिलती है। धन की चाह में समाज का हर व्यक्ति तनाव में रहकर खुद को निष्क्रिय कर रहा है। आतंरिक शांति की खोज में यह संदेश हृदय के लिए बहुमूल्य शिक्षा प्रदान करता है, जो आज की दुनिया में अत्यावश्यक है। कार्यक्रम का समापन जीव विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ भारती सिंह रायपत ने शांति संदेशों के साथ किया। इस दौरान डॉ शिव कुमार, डॉ संजय सिन्हा, डॉ मारकुस बारला, डॉ विजय मेहता सहित प्राध्यापकगण और विद्यार्थी मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन पार्ट 3 सरकार गठबंधन का फाइनल चैप्टर : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हेमंत सोरेन पार्ट थ्री सरकार गठबंधन के इतिहास की अंतिम सरकार साबित होगी। पार्ट वन में झारखंड की दुर्दशा को जनता ने बहुत करीब से देखा था। अपराध चरम पर था। महिला उत्पीड़न रिकॉर्ड छू रहा था। भ्रष्टाचार का बोलबाला था। बेरोजगारों को छला गया था। नौकरी और हक मांगने निकले युवाओं को पुलिस के द्वारा को डंडे से पीटा गया था। विपक्ष पर सैकड़ों फर्जी मुकदमे किये गये थे। कहा कि अब हेमंत सोरेन पार्ट 3 की शुरुआत हुई है। ये झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सोरेन के लिए फाइनल चैप्टर साबित होगा। इन पांच वर्षों में इस गठबंधन की सरकार ने झारखंड और यहां के खनिज को इतना लूटा है कि जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। हेमंत सोरेन सरकार के बारे में कहा जाता था कि कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे हेमंत सोरेन सरकार ने ठगा नहीं। अब झारखंड मुक्ति मोर्चा और गठबंधन को दूर-दूर तक सत्ता में वापस आने की कोई संभावना नहीं है। क्योंकि राज्य की जनता कभी भूलने वाली नहीं है। इसीलिए इस कार्यकाल के साथ सोरेन परिवार के राजवंश का राजनीतिक अंत हो जायेगा। पार्ट 3 सरकार फाइनल चैप्टर साबित होगा।

## हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस को एडवोकेट एसोसिएशन ने दी विदाई

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर के कार्यकाल के अंतिम कार्यदिवस के दिन वकीलों ने विदाई दी। हाइकोर्ट परिसर में एडवोकेट एसोसिएशन के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में हाइकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, ऋतु कुमार, नवीन कुमार मौजूद रहे। चीफ जस्टिस ने कहा कि झारखंड में किया गया कार्य उन्हें हमेशा याद रहेगा। एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार, महासचिव नवीन कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 26-27 जुलाई को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्वीमिंग एसोसिएशन के द्वारा 14वीं झारखंड राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप 2024 का आयोजन रांची में किया जायेगा। रांची जिला तैराकी संघ की देखरेख में 26-27 जुलाई को इसका आयोजन वीर बुधू भगत एक्वेटिक स्टेडियम खेलगांव में होना है। रांची जिला तैराकी संघ के महासचिव उपेंद्र कुमार तिवारी के मुताबिक इस चैंपियनशिप के लिए रांची जिला की टीम तैयार की जायेगी।

# दो अपराधी गिरफ्तार, पिस्टल समेत कट्टा और गोली बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राहगीरों को लूटने से पहले दो अपराधियों को बेड़ो थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बेड़ो थाना क्षेत्र के राम उरांव और धीरज उरांव उर्फ रवि उरांव के नाम शामिल हैं। आरोपी के पास से एक पिस्टल, लकड़ी का बट वाला एक पिस्टल, गोली बरामद किया गया। चिनियाटोली में राम उरांव नाम का व्यक्ति तीन पिस्तौल के साथ गांव में पिस्तौल लहराते हुए घूम रहा है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर बेड़ो डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गया। गठित टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए बेड़ो थाना क्षेत्र के जहानाबाज चिनियाटोली में छापामारी कर राम उरांव के घर से दो पिस्तौल और छह गोली बरामद किया। धीरज उरांव उर्फ रवि उरांव के घर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। इन दोनों के द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि भय दिखा कर पैसा छिनतई और राहगीरों को लूटने का प्लान बना रहे थे। आरोपी राम उरांव पर इटकी थाना, नगड़ी थाना और बेड़ो थाना में मामला दर्ज है।

# नियुक्ति वर्ष में भी तरसते रहे झारखंड के युवा: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन को शपथ लेने पर बधाई दी। श्री मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी शुभकामना दी, जिन्होंने पांच महीनों तक झारखंड की जनता की सेवा की।

श्री मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सेवा के लिए मिलता है, लेकिन आज हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि इंडी एलायंस 2019 विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का उपयोग केवल शिबू सोरेन परिवार की जागीर को बचाने के लिए किया जा रहा। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार की डिक्शनरी में आदिवासी का मतलब केवल उनका परिवार होता है। बाकी आदिवासी परिवारों को ये अपना पिछलग्गू बनाकर ही रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन झामुमो सुप्रीमो गुरुजी के साथ कदम से कदम मिलाकर आंदोलन में साथ दिया। सुख-दुख के सहभागी बने, लेकिन उन्हें अहसास कराया गया कि वे भले पुराने आंदोलनकारी हैं। योग्य हैं। कर्मठ हैं, लेकिन नेतृत्व करने की छूट नहीं, केवल निर्देश के पालन का अधिकार है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का बेटा तीन महीने भी बिना पद का नहीं रह सका। वैकेंसी नहीं थी, तो क्रियेट कर दिया गया। लेकिन राज्य के होनहार प्रतिभाशाली लाखों युवा विभिन्न विभागों में वैकेंसी के बावजूद दर दर भटक रहे।

उन्होंने कहा कि राज्य के लाखों बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति वर्ष में भी नियुक्ति नहीं मिली, लेकिन अकारण एक मुख्यमंत्री को हटाकर नये मुख्यमंत्री चुनने में एक घंटे भी नहीं लगे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है चंपाई सोरेन पूरी तरह से हेमंत सरकार पार्ट 2 नहीं बन पाये, जिसकी सजा उन्हें भुगतनी पड़ी। श्री मरांडी ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 13 वें मुख्यमंत्री के रूप में परिवार से ऊपर उठकर राज्य के साढ़े तीन करोड़ जनता की सेवा करने की सलाह दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### केनरा बैंक ने लगाया सिक्का-नोट मेला




रांची (आजाद सिपाही)। केनरा बैंक करेंसी चेस्ट के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार की ओर से सिक्का-नोट मेला का आयोजन किया गया। सिक्का मेला केनरा बैंक चुटिया शाखा के नजदीक लगाया गया। मेले में ग्राहकों को पांच, 10 और 20 रुपये के सिक्के और नोट दिये गये। इस मेला में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने इसका लाभ उठाया। दीपक कुमार ने बताया कि केनरा बैंक की ओर से आयोजित सिक्का मेला ग्राहकों की जरूरत को देखते हुए लगाया गया है। बैंक की ओर से भविष्य में भी सिक्का मेला लगाया जायेगा। मौके पर भारतीय रिजर्व के प्रबंधक चंद्रेश यादव, सहायक प्रबंधक सौरभ रस्तोगी, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के मंडल प्रबंधक भाष्कर राय, केनरा बैंक चुटिया शाखा के प्रबंधक प्रवीण अंबष्ठा और सुमन सौरभ तिर्की समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### डीएवी गांधीनगर स्कूल में पौधरोपण

रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने 51 पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण जागरुकता के लिए सेमिनार भी आयोजित किया गया। मौके पर नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ केसरी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए अब हम सभी को आगे आने की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत युद्धस्तर पर पौधरोपण करने की जरूरत है। कायर्क्रम में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची नगर निगम के सुपरवाइजर राजकुमार, सुधाकर यादव, डीएवी गांधीनगर की इंचार्ज डॉ जया जयसवाल, साईं कृपा के निदेशक गोपाल सिंह, लक्ष्मी सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सहायक पुलिसकर्मियों को मोरहाबादी में रोका गया



रांची (आजाद सिपाही)। सहायक पुलिस के जवानों का आंदोलन मोरहाबादी मैदान में बीते 2 जुलाई से शुरू हुआ है, जो तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। बारिश होने के बाद भी कई जिलों से आये सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में टेंट लगा कर आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया है। मांगों के समर्थन में सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं। गुरुवार को तय कार्यक्रम के तहत में मोरहाबादी मैदान से राजभवन घेराव के लिए निकले थे। भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच उन्हें मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया गया। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस मोरहाबादी मैदान में तैनात थे। वहीं आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों में कई महिलाएं भी शामिल हैं, जो अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ भी आंदोलन के लिए मोरहाबादी मैदान में आयी हैं। वहीं सहायक पुलिसकर्मियों के आंदोलन को देखते हुए मोरहाबादी मैदान के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनाती भी की गयी है।

### झामुमो नेता अंतू तिर्की की जमानत याचिका पर सुनवाई 12 जुलाई को

रांची (आजाद सिपाही)। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अंतू तिर्की की जमानत याचिका पर गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। बता दें कि इडी ने इसी वर्ष 16 अप्रैल को अंतू तिर्की को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं। गिरफ्तारी के लगभग 76 दिनों बाद अंतू तिर्की ने जमानत की गुहार लगाते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह मामला बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ा है।

### सिविल कोर्ट ने पोटा केस से दो आरोपियों को किया बरी

रांची (आजाद सिपाही)। सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की अदालत ने प्रीवेन्शन ऑफ टेररिस्ट एक्ट के मामले में दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इस केस की सुनवाई 22 वर्ष से चल रही थी। कोर्ट ने ट्रायल फेस कर रहे दारा चंद्रवंशी और रामाधार राम को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। दोनों गढ़वा जिला के निवासी हैं। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से दो आइओ, डॉक्टर, छापेमारी दल के शामिल पुलिस कर्मी और स्थानीय लोग समेत 24 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था, जिनमें से सात स्थानीय गवाह गवाही के दौरान मुकर गये, जिसका लाभ आरोपियों को मिला। घटना को लेकर साल 2002 में पोटा अधिनियम के तहत केस रंका थाना में दर्ज केस को टेकओवर किया गया था। दरअसल चिनिया ओपी के तत्कालीन प्रभारी संजय सिंह को 21 दिसंबर 2001 को वायरलेस पर सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश चिनिया पिकेट पर गोलाबारी कर रहे हैं। इसी बीच संदिग्ध उग्रवादियों की ओर से अंधाधुंध गोलाबारी में रामचंद्र साही की मौत हो गयी थी।

## सीएन कॉलेज में पूर्व लिपिक के निधन पर शोकसभा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीएन कॉलेज रामानगर मरार के भूतपूर्व प्रधान लिपिक सह कोठार निवासी परमेश्वर बनर्जी के निधन पर कॉलेज परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ अवधेश मिश्र के नेतृत्व में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौनधारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही, कॉलेज शासी निकाय सचिव राजू चतुर्वेदी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। परमेश्वर बनर्जी का निधन 2 जुलाई को हृदय गति रुकने से हो गया था। वहीं, उनके पिता गोपाल बनर्जी भी कॉलेज में सहायक कार्यालय लिपिक के पद पर सेवा दे चुके हैं। मौके पर कई लोग शामिल रहे।

## पीडीएस डीलरों की हुई बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के वर्किंग हॉल में गुरुवार को प्रखंड के पीडीएस डीलरों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने की। बैठक में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार ने डीलरों को निर्देश दिया कि खाद्य सुरक्षा कार्डधारियों और हरा कार्डधारियो के बीच चना दाल का वितरण में ईमानदारी पूर्वक करें। मौके पर प्रखंड के दर्जनों पीडीएस डीलर शामिल थे।

## लायंस क्लब ने मनाया प्लास्टिक बैग फ्री डे, लोगों के बीच बांटा कपड़े का थैला



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुण्डा के तत्वधान में बुधवार को भुरकुंडा बाजार में प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया गया। इसकी शुरूआत क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल और क्लब के पदाधिकारियों ने बाजार में आमलोगों और दुकानदारों के बीच कपड़े का बैग वितरण कर किया। मौके पर अध्यक्षा रेखा वर्णवाल ने कहा की आज हम अपनी सुविधाओं के लिए अपनी जान और अपनी भविष्य की कोई परवाह नहीं करते है। बाजार जाकार पैसे से अपने लिए मौत का कारण खरीद कर लाते है। अपनी भविष्य को स्वस्थ बनाने और पयार्वारण को सुरक्षित करने के लिए प्लास्टिक मुक्त होने की आवश्यकता है। मौके पर सचिव अंजु देवी, चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन अशोक सिन्हा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन अखिलेश शर्मा, एमजेएफ लायन संजय कुमार, लायन विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, संजय सिंह, बिना देवी, विमल राय, मुमताज, एचएन यादव सहित क्लब के कई लोग मौजूद थें।

## लोकल सेल चालू करने के लिए निकाला जुलूस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लोकल सेल जल्द चालू कराने और पूर्व से निर्धारित हिस्सेदारी की मांग को लेकर पांडेय गोप ग्रुप (सत्यनारायण यादव ग्रुप) ने गुरुवार को जुलूस निकलाकर प्रदर्शन किया। जुलूस मतकमा चौक से निकाला गया। इस दौरान समिति की ओर से कहा गया कि भुरकुंडा लोकल से जल्द से जल्द खोला जाये और मशीन की बजाए मैनुअल लोडिंग करायी जाये। सेल का सीधा लाभ मजदूरों को दिया जाए। वहीं कहा गया कि पांडेय गोप ग्रुप की निर्धारित 17 .5 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित हो। किसी भी प्रकार की कटौती समिति बर्दाश्त नहीं करेगी। सेल में विस्थापितों की अनदेखी पर ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे। जुलूस में समिति के शिव नारायण यादव, नागेशवर मुंडा, राजा यादव, देवानंद यादव, मोहन मुंडा, कार्तिक महतो, जितेंद्र मुंडा, सुरेंद्र यादव, बारीक अंसारी, भूपेंद्र साहू, सुरेंद्र बेदिया, शोभा देवी, मुनिया देवी सहित कई शामिल रहे।

## रामगढ़ रोटरी क्लब असेंबली का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वाधान में बुधवार की देर शाम रांची रोड स्थित होटल अरिहंत में क्लब असेंबली का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल गोयल ने नई टीम की घोषणा करते हुए सभी पदाधिकारियों को उसके दायित्व के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल ने कहा कि वह अपने कार्यकाल में शिक्षा एवं स्वास्थ के प्रति सजग रहेंगे। महिला सशक्तिकरण पर भी उनका फोकस रहेगा। जिन बच्चों के दिल में जन्म से ही छेद है या उन्हें दिल का कोई भी प्रॉब्लम है तो उसका नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। उन्होंने अपने सभी मेंबर को अपने नए प्रोजेक्ट से भी अवगत करवाया। क्लब के सभी मेंबर ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह उनके कार्य में उनके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर हरीश चौधरी, रूपेश गुप्ता, उमेश राजगढ़िया, दीपक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, भरत गोयल, वरुण बगड़िया, रोहित पंसारी, कृष्ण बंसल, राजेश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, डॉ राहुल बेरलिया आदि मौजूद थे।

## पत्रकार को जान से मारने की मिली धमकी, डीसी-एसपी से सुरक्षा की गुहार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पत्रकार मोहम्मद वालीउल्लाह को रामगढ़ के समाहरणालय में कार्यरत कर्मियों ने जान से मारने की धमकी दी है। धमकी मिलने के बाद पत्रकार वलीउल्लाह के द्वारा रामगढ़ के उपायुक्त और एसपी से आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायर गयर है। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि उपायुक्त के द्वारा कर्मियों के स्थानांतरण किए जाने और बाकी बचे कर्मियों का कब तबादला किया जायेगा। कई कर्मी ऐसे हैं जो पांच या तीन वर्ष से एक ही कुर्सी पर जमे हैं। इसकी जानकारी लिए जाने पर कार्यालय पहुंचने पर धमकी दिया गया है। कहा कि हम लोग पहुंच वाले हैं। घर जाकर जान से मरवा देंगे। धनबाद से शूटर लाकर काम करवा लेंगे। ऐसा चीज में फंसा देंगे कि समाहरणालय आना बंद करवा देंगे। हम लोगों को रामगढ़ में कोई कुछ नहीं कर पाया है। पत्र में कहा गया है कि सभी कर्मी पहुंच पैरवी और आपराधिक तत्वों के लोग लंबे समय से समाहरणालय में स्थापित है। जिससे मुझे खतरा है और मेरे पत्रकारिता से संबंधित कार्यों को भी इनके द्वारा प्रभावित किया जाएगा और भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी होती है इसकी जिम्मेदारी कर्मियों की होगी।

### मानव सेवा से निरंतर जुड़े रहना ही एकमात्र उद्देश्य : अध्यक्ष पिंकी पोद्दार

# इनरव्हील क्लब के पदधारियों ने समारोह में ग्रहण किया पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब का रामगढ़ की अध्यक्ष पद पर पिंकी पोद्दार और सचिव पद पर नवलजीत कौर ने प्रभार ग्रहण किया है। गुरुवार की शाम रांची रोड स्थित जिमखाना क्लब में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता ने पूरा सहयोग दिया। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष मेघा बगड़िया ने पिंकी पोद्दार को कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा। इस दौरान पिंकी पोद्दार ने अपनी टीम के सदस्यों को नए सत्र 24-25 के लिए परिचित भी कराया। जिसमें उपाध्यक्ष जसमीत कौर सोनी, सचिव नवलजीत कौर, कोषाध्यक्ष पिंकी गांधी, आइसो विनीता अग्रवाल, एडिटर प्रियंका जैन शामिल है। समारोह का शुभारंभ पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता सहित क्लब की अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**मानव सेवा से निरंतर जुड़े रहना ही एक मात्र उद्देश्य : पिंकी पोद्दार**

इस दौरान पिंकी पोद्दार ने क्लब के द्वारा रखे गए थीम रिच एंड इंस्पायर फॉर ए बेटर वर्ल्ड पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इनर व्हील क्लब का उद्देश्य समाज सेवा और मानव सेवा में निरंतर कार्य करते रहना है। समाज के हर वर्ग की सहायता के लिए इनर व्हील क्लब हमेशा मौजूद रहा है। संगठन का हर सदस्य अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे नए कार्य करता है जो मानव समाज को नहीं दिशा देता है।

**ये थे उपस्थित :** नीरू साहनी, सुनीता अरोड़ा, राजेन्द्र कौर, स्वेता जैन, नम्रता जैन, मधु बेरलिया, मीरा बगड़िया, बलविंदर कौर, मनवीर कौर, जसमीत कौर सोनी, राजेन्द्र बुडवाल, अनुराधा श्राफ, नीतू अग्रवाल, नमिता श्राफ, सुरेंद्र कौर, निधि, परमजीत कौर, सुरेंदर चमन, पम्मी गांधी, जसविंदर होरा सहित क्लब की कई सदस्य उपस्थित थी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पहुंचेंगे रामगढ़

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचेंगे। जहां रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं के साथ सुबह 10 बजे विधानसभा चुनाव को लेकर दो सत्र में संगठनात्मक बैठक में मुख्य रूप से शामिल होगें। जिसमे पहले सत्र के आयोजित बैठक में जिला कार्य समिति सदस्य, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला मोर्चा के पदाधिकारी व भाजपा के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री शामिल रहेंगे। जबकि दूसरे सत्र में वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में भाग लेंगे। इधर, चुनाव प्रभारी शिवराज चौहान के आगमन को लेकर भाजपा अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में भाजपाईओ ने जिला कार्यालय मे तैयारी बैठक को लेकर पूरी योजना तय की गयी। उन्होंने कहा है कि झारखण्ड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में यह पहली बैठक होगी। बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल भी शामिल रहेंगे। तैयारी बैठक में जिला प्रभारी शशि भूषण भगत, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री रंजन सिंह फौजी, उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, कुंटू बाबू, प्रवीण सोनू, जिला मंत्री राजेंद्र कुशवाह, मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, ग्रामीण अध्यक्ष संजय शाह, रवि कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद शामिल रहे।

**शिवराज चौहान कई योजनाओं का करेंगे निरीक्षण :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान बैठक के बाद पोचरा से सुगीया तक निमार्णाधीन पीएम ग्राम सड़क योजना का निरीक्षण, करमा दक्षिणी पंचायत के सुगीया ग्राम में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी महा न्याय अभियान (पीएम जन मन) आवास योजना का निरीक्षण, कुजू पूर्वी पंचायत भवन में एसएचजी महिलाओं से चर्चा तथा मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण एवं पौधारोपण कार्यक्रम निर्धारित है।

**शिवराज चौहान के आगमन पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का किया दौरा :** रामगढ़ डीडीसी के नेतृत्व में प्रशासनिक अधकारियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहानके आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही, स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण में शामिल मांडू बीडीओ संजय कोनगाड़ी सीआई मुनेश्वर यादव, बीपीओ, मुखिया समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# 30 सितंबर तक चतरा में चलेगा संपूर्णता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित इंडिकेटर एवं सम्पूर्णता अभियान के प्रमोचन हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं पोस्टर का विमोचन कर किया गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष में 112 आकांक्षी जिला है, जिसमें चतरा भी शामिल है। सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन आपस में समन्वय स्थापित कर सभी पंचायतों में इस अभियान के तहत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करें, लेकिन ध्यान रहे कि कार्य कागज पर ही नहीं जमीन पर भी कार्य हो। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक कर ही सभी इंडिकेटरों के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही कहा सुरक्षित प्रसव एंव संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। आगे उन्होने कहा कि गर्भवती महिलाओं का एएनसी निबंधन, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो। 09 से 12 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि इस अभियान के तहत 4 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक आकांक्षी जिला कार्यक्रम के निर्धारित 6 इंडिकेटर एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के निर्धारित 6 इंडिकेटर को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं आईसीडीएस (क्ळैऊ) शामिल है। इन विभागों के अंतर्गत इंडिकेटर गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण , सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण , हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच , सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण, स्व-सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड्स जैसे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना शामिल है, जिसे शत प्रतिशत पूर्ण करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य, पदाधिकारियों, कर्मियों को शपथ भी दिलाया एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि चतरा लोकसभा क्षेत्र, विधायक प्रतिनिधि चतरा व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी शिषिर पंडीत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर पहल की जायेगी : दिलीप

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना पदाधिकारी को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व में ही राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी/पोटंगा के संरक्षक राजू यादव के द्वारा 31 सूत्री मांग सौंपा गया था।जिसे लेकर उरीमारी पीओ दिलीप कुमार के साथ परियोजना कार्यालय में बृहस्पतिवार को राकोमयू और विसमो के पदाधिकारियों के साथ वार्ता हुई। सीसीएल मजदूरों एवं विस्थापित ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं की मांग की गई थी जिसमें हेसाबेड़ा बस्ती में पानी के लिए नये पाइप लाइन की व्यवस्था, गौरीशंकर मंदिर के समीप मैरिज हॉल व्यवस्था, उरीमारी पंचायत के सभी चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, हेसाबेड़ा में सामुदायिक भवन की व्यवस्था, चेक पोस्ट कालोनी में सभी नालियों को मरम्मत कर सफाई की जाय,गंधौनियां जाने वाली मुख्य सड़क में नाला पर नया पुल का निर्माण किया जाय, उरीमारी पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराया जाय, उरीमारी और गंधौनियां के विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण पत्र दिया जाय, दामोदर पुल पर लाइट की व्यवस्था की जाय, उरीमारी परियोजना जाने वाले रास्ते में लाइट की व्यवस्था की जाय, उरीमारी डिस्पेंसरी को शनिचरा बाजार के समीप सीसीएल कार्यालय में शिफ्ट किया जाय सहित कई मांगे शामिल है। वार्ता में सभी मांगों को सुन चर्चा कर विचार-विमर्श करते हुए प्राथमिकता के आधार पर सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने की बात पीओ दिलीप कुमार ने कही। वार्ता में प्रबंधन की ओर से पीओ दिलीप कुमार, इएंडम एमपी गुप्ता,कविन कुमार, खान प्रबंधक पीके सेन गुप्ता, कार्मिक विकास रंजन। राकोमयू एवं विसमो की ओर से राजू यादव,पोटंगा पंचायत मुखिया सह विसमो अध्यक्ष चरका करमाली, सचिव महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू, डॉ जी आर भगत, विश्वनाथ मांझी, सुखदेव सोरेन सहित कई लोग मौजूद थे।

## गंस्रूआ में करंट लगने से बच्चे की मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के औरु गेरुआ गांव में मंगलवार की शाम बिजली की करंट की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई । मृतक दिवाकर दांगी का 8 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार है । वह अपने घर में कूलर चला कर सोया हुआ था। इसी दौरान बोर्ड से एक तार निकल गया और इसके शरीर में लपटा गया। जिससे इसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वह गुरुकुल रेशिडेंशियल स्कूल का छात्र था। उसकी मौत की खबर से पूरा गांव शोकाकुल है तथा घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## आजसू ने एक दिवसीय हल्ला बोल धरना कार्यक्रम का किया आयोजन



**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के समक्ष गुरुवार को राज्य में हो रहे व्याप्त प्रशासनिक उदासीनता को लेकर आज आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व खुर्शीद आलम ने किया । खारिज को जल्द निष्पादन करने, अबुआ आवास योजना पारदर्शिता लाने, मनरेगा में कूप निर्माण मेटेरियल उपलब्ध व मजदूरी भुगतान दुरुस्त करने, छात्र छात्रओं के सभी प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने, किसानों को समय पर खाद बीज मुहैया कराने, प्रखंड में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने, झारखंड आंदोलन कारियों के परिजनों को सरकारी लाभ में प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा सभी पेंशन धारियों को पेंशन शीघ्र मिले, राशन कार्डधारियों को समय पर राशन मिले और अनाज की कटौती न हो। सभी खराब चापानल शीघ्र बनवाए। इस सभी मांगो को लेकर ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया।

## बिजली तार की चपेट में आने से एक की मौत



**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर पंचायत के शिवपुर गांव निवासी उपेन्द्र भारती पिता मुनारिक भारती की मौत बिजली की चपेट में आने से हो गयी है। इस संबंध में मृतक उपेन्द्र भारती के परिजनों ने बताया की बल्ब जलाने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली की करंट प्रवाहित हो गयी। जिसकी चपेट में वह आ गया ।जिससे उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है वही घटना से गांव में मातम पसर गया है घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया पुत्र रविन्द्र कुमार राबो ने मृतक के घर जाकर हर संभव मदद करने की अश्वासन दिया है। मृतक अपने पत्नी उषा देवी के अलावे चार बच्चे को छोड़ गया। मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

## छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण





**प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा छात्र छात्राओं को विद्यालय आने जाने के लिए प्रखंड के भरही पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोलहबीघा में आठवीं कक्षा के दर्जनों छात्र एवं छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।यह वितरण उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोलहबीघा में प्रधानाध्यापक सदफ अली,भरही मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव, उप मुखिया मुकेश कुमार, रोहित कुमार की उपस्थिति में कल्याण विभाग द्वारा छात्र एवं छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।

## चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का स्थल परिवर्तन




**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में निर्वाचन प्री रिवीजन गतिविधि के तहत मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण/ री-अरेंजमेंट/ जर्जर मतदान केन्द्र का भवन/नाम परिर्वतन से संबंधित बैठक राजनितिक पार्टी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई। बैठक में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के वैसे मतदान केन्द्र जो जर्जर स्थिति में है और जहां मतदाताओं को लंबी दूरी तय कर मतदान करने जाना पड़ता है, वैसे मतदान केन्द्र सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लावालौंग प्रखंड में 02, सिमरिया प्रखण्ड में 04 एवं ईटखोरी प्रखंड में 01 कुल 07 मतदान केंद्र स्थित है जिसका स्थल परिवर्तन किया जाना है तथा टंडवा प्रखण्ड के 01 मतदान केंद्र जिसका नाम में संशोधन शामिल है। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 15 मतदान केन्द्र है जिसका स्थल परिवर्तन तथा एक मतदान केंद्र का नाम में संशोधन किया जाना है। उक्त के संदर्भ में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति दे दी। सर्वसम्मति से प्रस्ताव को मंत्रीमंडल रांची निर्वाचन आयोग को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, सभी राजनितिक दल के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे।

## सुरक्षा शाखा के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सामाजिक सुरक्षा शाखा द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की। इस दौरान डीसी ने ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए अभियान मोड में कार्य कर शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं, इसके लिए डीसी ने जिले के प्रमुख चौक चौराहों व अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों में होर्डिंग लगाने सहित व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। पेंशन योजनाओं के लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर लिंक करने संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने जल्द से जल्द शत प्रतिशत पेंशन लाभुकों का आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लिंक करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, डीसी ने पेंशन योजनाओं के लाभको को भी नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने के लिए अपने आधार कार्ड को मोबाइल नंबर के साथ लिंक करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों के आधार कार्ड सीडिंग कार्यों के लिए शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया।

## कार्यालय परिसर में रखी साइकिल का अभी तक वितरण नहीं हो सका, आक्रोश



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के बीच वितरण को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में रखा हुआ साइकिल का अभी तक वितरण नहीं हो सका है। उक्त साइकिल पिछले महीनों दिन से खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई है। रख रखाव के अभाव में साइकिल खराब हो रही है। बताया जाता है कि प्रखंड के लगभग 1500 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जाना है। अब तक साइकिल नहीं मिलने से अभिभावकों में आक्रोश है। अभिभावकों ने कहा कि अब मानसून की बारिश शुरू हो गयी है। साइकिल की वितरण जल्द नहीं किया गया तो नियमित बारिश होने से खराब हो जायेंगे। कहा कि लगभग सभी प्रखंडों में साइकिल का वितरण कर दिया गया है, तो डंडई के छात्र-छात्रायें साइकिल मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

## बालिका उच्च विद्यालय प्रबंधन समिति का बैठक

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में विद्यालय प्रबंधन समिति का बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वर्ष 2021 ई में सेवानिवृत हो चुके शिक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता के किये गये शिक्षण कार्य में विस्तार को रद्द करते हुए किसी भी सेवानिवृत्ति शिक्षकों से विद्यालय में शिक्षण कार्य नहीं कराने का निर्णय लिया गया। वहीं विद्यालय में रिक्त पदों पर जल्द से जल्द बहाली करने, विद्यालय में बंद पड़े सामुदायिक मॉडर्न शौचालय को संवेदक से मिलकर चालू कराने, विद्यालय विकास का निकासी की गयी राशि का लेखा जोखा प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विद्यालय को सरकारी मान्यता प्राप्त कराने को सबंधित अधिकारी व मंत्री से मांग रखने सहित आगामी 15 अगस्त के अवसर पर विद्यालय स्तर पर खेल कूद कर पुरस्कार वितरण करने का चर्चा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोती प्रसाद गुप्ता, सचिव पूर्व विधायक राजेंद्र प्रताप देव, कोषाध्यक्ष केदार प्रसाद गुप्ता, राजकुमार साह, गोपाल बैठा, विद्यालय प्रधानाध्यापक धर्मदेव उरांव सहित शिक्षक मौजूद थे।

## आठ जुलाई तक शिविर का आयोजन

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सगमा द्वारा निर्गत उपायुक्त कार्यालय गढ़वा के पत्रांक 261 दिनांक 28 जून के आलोक में श्रम विभाग द्वारा संचालित झारखंड भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में चार जुलाई से आठ जुलाई तक शिविर के माध्यम से मनरेगा मजदूरों सहित निर्माण श्रमिको का निबंधन किया जाना है। जिसे प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में पंचायत भवन में संचालित सीएस सी संचालक के सहयोग से शिविर आयोजित कर बोर्ड की योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए श्रमिको का निबंधन और लाभ का आवेदन प्राप्त किया जायेगा। इसके तहत चार जुलाई को पंचायत सचिवालय कट्टर कला पांच जुलाई पंचायत सचिवालय सगमा छह जुलाई पंचायत सचिवालय सोनडीहा सात जुलाई पंचायत सचिवालय बीरबल तथा आठ जुलाई को पंचायत सचिवालय घघरी में शिविर आयोजित किया जायेगा। निबंधन में श्रमिक अपने साथ आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड की छाया प्रति पासपोर्ट साइज फोटो बैंक खाता की छाया प्रति मनरेगा मजदूर प्रमाण पत्र की छाया प्रति मोबाइल नंबर और नामिनी का आधार कार्ड की छाया प्रति बैंक खाता की छाया प्रति लाना अनिवार्य है।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के नाम ग्यारह सूत्री मांग पत्र कृषि पदाधिकारी को सौंपा




भंडरिया (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड के आजसू कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष विनित तिग्गा के नेतृत्व में हल्ला बोल रैली के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंच झारखंड सरकार के नाम ग्यारह सुत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुपस्थिति में कृषि पदाधिकारी मोजेश किस्पोट्टा को सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित केंद्रीय सचिव विजेता वर्मा ने कहा कि इस सरकार में मंत्री से लेकर संत्री तक पूरे झारखंड को लूट रहे हैं वहीं जनता टकटकी निगाहें लगाकर सभी घटनाओं को देख रही है। भंडरिया ब्लॉक में एलपीसी और मोटेसन के नाम पर लाखों रुपये वसूली किए जा रहे हैं। केंद्रीय सचिव पंकज तिवारी ने कहा कि जब सरकार का मुखिया ही चोर हो, तो काम करने वाले पदाधिकारी चोर कैसे नहीं होंगे, प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है आज हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से हम चेतावनी देते हैं कि पदाधिकारी अपने कामों में बदलाव लाये तथा निस्वार्थ भाव से जनता का काम करें। नहीं तो बाध्य होकर आजसू पार्टी इससे भी तेज आंदोलन करेगी। इस सरकार ने राज्य के युवा महिला बुजुर्ग विकलांग सभी व्यक्तियों को छलने का काम किया है। आने वाला 24 का विधानसभा में इस सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। इस अवसर पर पार्टीअजय केसरी यहसान अंसारी सुनीता देवी के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड सरकार के कार्यों का दिख रहा है असर : मिथिलेश

**गढ़वा मध्य के जिपस प्रतिनिधि मिथिलेश पासवान भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



माला पहनाकर शामिल करते मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा मध्य के जिला परिषद सदस्य सुमन देवी के प्रतिनिधि (पति) मिथिलेश पासवान ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गुरूवार को गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर उन्होंने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। श्री ठाकुर ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें झामुमो में शामिल किया।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार के कार्यों का असर पूरे राज्य में जन-जन पर है। सरकार के कार्यां से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग भाजपा सहित अन्य दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार झारखंडियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। आज पूरे राज्य में सरकार का कार्य दिख रहा है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश पासवान के शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। श्री पासवान क्षेत्र में जनहित के कार्यां से बेहतर तरीके से अंजाम देंगे।

# निर्धारित मापदंड के अनुसार ही संचालित हो रही हैं गढ़वा में दवा दुकानें : एसोसिएशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन गढ़वा ने कहा है कि जिले में मेडिकल दुकान निर्धारित मापदंड के अनुसार ही संचालित किया जा रहा है। यह दावा संगठन के बैठक के बाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अद्या शंकर पांडेय ने किया है। इस क्रम में संगठन की ओर से बताया गया कि तीन प्रकार की विभाग दोवारा लाइसेंस निर्गत है - थोक, प्रतिबंधि, और फार्मासिस्ट का।

प्रतिबंधित दुकानों के लिए फार्मासिस्ट की आवश्यकता नहीं होती है, ऐसी दुकानें ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लाइसेंस निर्गत है। जो फार्मासिस्ट की दुकानें है उस दुकान में नियमित रूप से क्रय-विक्रय फार्मासिस्ट के दोवारा ही कि जाति है। दूसरी तरफ एसोसिशन को कहना है कि सदर अस्पताल के सामने संचालित सभी दवा दुकाने फार्मासिस्ट के द्वारा ही दवा की क्रय-विक्रय एबम रख रखाव की जाती है।

एसोसिशन का कहना है कि अब जिला में फार्मासिस्ट की कमी नहीं के बराबर रह गया है। इसलिये जो लाइसेंस फार्मासिस्ट के आधारित निर्गत है, माप दंड के अनुसार संचालित हो रही है।

हम सभी केमिस्ट जीवन रक्षक व्यापार करते है, इसलिये किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते है।

एसोसिशन आम-अवाम को बताना चाहती है कि नियत समय -समय पर औषधि निरीक्षक गढ़वा के दोवारा जिला के सभी निर्गत लाइसेंसी दुकानों को जांच पड़ताल होती रहती है। मानक बिंदु पर खरा उतरने पर ही हम सभी केमिस्ट निर्भय ब्यापार करते है। उक्त जानकारी बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष आद्य शंकर पांडेय, जिला सचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, संगठन मंत्री मोहमद रुस्तम, संगठन मंत्री अशोक गुप्ता, श सचिव सुरेन्द्र कस्यप, संतोष दुबे, दीपक तिवारी, बीरेंद्र सिंह, डॉक्टर मुरली गुप्ता, श्रीराम धर दुबे, दुर्गा प्रसाद, आलोक कस्यप, विवेक तिवारी विजय शंकर गुप्ता गुड्डु सिंह आदि लोग शामिल थे।

# प्रखंड स्तरीय संपूर्णता अभियान शुरू

**नीति आयोग के विभिन्न सूचकांकों को अगले तीन माह में शत प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश**

**चार जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक चलायी जायेगी संपूर्णता अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा आकांक्षी जिला और आकांक्षी प्रखंड को लेकर नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटरों पर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त ने नीति आयोग के 49 प्रमुख इंडिकेटर में मुख्य रूप से प्रमुख 06 सूचकांक यथा- गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल मिलना और पूरक पोषण प्राप्त होना, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण करना, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच कराना, सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण, स्वयं सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड्स मुहैय्या कराना और स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसी सूचकांकों पर समीक्षा किया गया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त और मंचासीन अन्य पदाधिकारियों तथा मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ की गई एवं सभी मंचासीन को पुष्पगुच्छ भेंट की गयी। यह अभियान 04 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक चलाया जायेगा, जिसमें उपरोक्त मुख्य 06 सूचकांकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही गयी। उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि वह नियमित रूप से अपने स्तर से इन सूचकांकों की पूर्णता हेतु मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे, जिससे गढ़वा जिला इस क्षेत्र में पीछे नहीं रह सके और ससमय कार्यों को पूर्ण किया जा सके। नीति आयोग के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य और पोषण, कृषि और शिक्षा इन तीन इंडिकेटर में लगभग शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। शेष तीन इंडिकेटर में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु विशेष अभियान चलाकर कार्य किए जाने की आवश्यकता है, जिसे अगले 03 माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। लक्ष्य प्राप्ति हेतु सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार द्वारा बताया गया कि इसके लिए आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका को डोर टू डोर जाकर गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, विधायक प्रतिनिधि, जिला योजना पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, नीति आयोग के पदाधिकारी, सुशील दास, स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारीगण, आकांक्षी जिला और प्रखंड के पदाधिकारी/कर्मचारी और अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# झामुमो सरकार में शैक्षणिक व्यवस्था बदहाल : भानु

**राजकीय मध्य विद्यालय अरसली को हाई स्कूल का दर्जा मिलने पर विधायक ने शिलापट्ट का किया अनावरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** राजकीय मध्य विद्यालय अरसली को हाई स्कूल का दर्जा मिलने पर गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्च विद्यालय में शैक्षणिक कार्य का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इससे पूर्व विद्यालय के छात्राओं ने विधायक भानु का स्वागत तिलक लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर की। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में तब्दील कराकर चार वर्षो पुरानी इस मांग को पूरा करने का काम किया। जमीन पूरी नहीं होने कारण यह मांग पूरी होने में विलंब हुआ। पहले यहां के बच्चे बच्चियों को हाई स्कूल में पढ़ने के लिए चार किमी दूर भवनाथपुर जाना पड़ता था। आज अथक परिश्रम के बदौलत इस विद्यालय को हाई स्कूल का दर्जा मिला है। आने वाले समय में इस विद्यालय का दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। कहा कि वर्तमान सरकार में विद्यालय भवन का निर्माण नहीं हो रहा है, शैक्षणिक व्यवस्था बदहाल है। झामुमो सरकार केवल स्कूली बच्चों का पोशाक बदलने का कार्य किया है। कहा कि राज्य में अब हेमंत पार्ट थ्री शुरू हो गयी है। इस सरकार को व्यवस्था बदलने से नहीं उनका मतलब है, सिर्फ बालू बेचने, हड़िया बेचने का काम कर रही है। दुर्भाग्य है, कि वर्तमान सरकार विद्यालयों के शौचालय का पैसा खा गयी, कोरोना काल के दौरान केंद्र सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को मिला मिड डे मिल के 22 माह का राशन और क्षतिपूर्ति का पैसा खाने का काम किया है। झारखंड सरकार तुष्टिकरण के राजनीति के चलते स्कूली पोशाक को बदलने का काम किया है। लोस व विस चुनाव में झामुमो के कई दिग्गज नेता चुनाव हार गये है, जो झारखंड में सत्ता परिवर्तन का बड़ा संकेत है। कहा कि मार्च 2025 के बाद जिस विभाग में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा वो शिक्षा विभाग में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही मेरी पहली प्राथमिकता मार्च 2025 में इस हाई स्कूल को ढाई करोड़ की लागत से एक मॉडल हाई स्कूल के रूप में निर्माण कराने का काम करूंगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई के बदौलत डॉ. अब्दुल कलाम, भीमराव अंबेडकर, इंजीनियर, डॉक्टर बनने का अपील किया। कार्यक्रम को भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, आजसू नेता जयराम पासवान, विद्यालय के एचएम विजयकांत गुप्ता, शंभू सेठ, मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश चौबे ने की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधी सुनील सिंह, सुशील चौबे, अरुण गुप्ता, प्रियंका देवी, दयानंद प्रजापति, कृष्णकांत चौबे, मनोज रजक, डोमन चंद्रवंशी, संतन चौबे, प्रबंध समिति के अध्यक्ष पप्पू राम, शिक्षक मनोज सेठ, सहित अन्य लोग मौजूद थे।


JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

**Request For Proposal (RFP) for Selection of Service Provider to Supply and Installation of Video Conferencing end point System at different department-Phase-II and Rate Contract for next 03 Years**

**Tender Reference No.:JAPIT/VC/Dept/Phase-II/2024**

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT) on behalf of Department of Information Technology & e-Governance, Jharkhand invites responses from reputed and experienced company/agency on the Request for Proposal (RFP) for the purpose of **" Selection of Service Provider to Supply and Installation of Video Conferencing end point System at different department-Phase-II and Rate contract for next 03 Years".**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender Cost | Non refundable Tender Cost INR 10,000/- ( Rupees Ten Thousand only) - through online mode as per terms and condition of the Jharkhand eProcurement Portal. |
| 2. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 5,00,000 /- (Rupees Five Lakh) for 180 days through online mode as per terms and conditions of the Jharkhand e -procurement portal. |
| 3. | **Availability of Tender Online for bidding** | |
| i. | Bid publishing Date | 04-07-2024 6:00 PM |
| ii. | Pre-bid meeting | 11-07-2024 12:30 PM |
| iii. | Start date of bid submission | 18-07-2024 11:30 AM |
| iv. | Last date and time of Online Bid Submission | 24-07-2024 03:00 PM |
| v. | Technical Bid Opening | 25-07-2024 03:30 PM |
| vi. | Commercial Bid Opening | To be informed later. |

Interested participants may download the RFP document from the portal htpps://jharkhandtenders.gov.in.

Sd /-
OSD, JAP-IT

PR 328680 Information Technology(24-25)D



**Office of the Civil Surgeon–Cum–Chief Medical Officer, Khunti (Jharkhand)**

Letter No.: - 1560 Dated : - 02.07.2024

**EXPRESSION OF INTEREST**

Sadar Hospital Khunti is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services, To increase the services more effectively, the Hospital Management Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Supporting staff under Ayushman Bharat for strengthening health infrastructure and resources at Sadar Hospital, Khunti.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Essential Qualification | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laboratory Technician | 2 | Diploma Course in Medical Lab. Technician & Candidate must be Registered in State paramedical council | • Rs 11,500 consolidated.<br>• Minimum 2 years working as Lab Technician. |

1. The jobs offered are contractual for tenure of one year from the date of joining and can be renewed further after successful completion of agreement period upon mutual consent and performance review or appraisal..
2. Age limit - 35 years as on 01.07.2024.
3. Interested candidates are requested to report with filled Annexure A, at 11.00 AM on 18.07.2024 at District Collectorate Hall, Khunti - 835210 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.
4. Number of vacancies can be increased or decreased.
5. No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
6. Chairman, District Health Society/Hospital Management society, will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
7. The undersigned reserves the right to cancel/reject the advertisement without assigning any reason thereof.
8. Annexure A and other details can be downloaded from district website http://khunti.nic.in.

Civil Surgeon – cum - Chief Medical Officer Khunti

PR.NO.328593 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D



स्थानीय सूचना

प्रपत्र VI 'क'

झारखण्ड सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–501 / भू0अ0 दिनांक–02 / 07 / 2024

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–गोदखर थाना–जयनगर, थाना सं0–73, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गोदखर थाना–जयनगर, थाना सं0–73, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.305 ए0 यानि 0.1234 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है...........

ग्राम–गोदखर थाना–जयनगर थाना सं0–73 अंचल–जयनगर जिला–कोडरमा

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 16 | 3 | रैयती | टांड एक | 0.0240 | देवचन्द दुशाद वो खेमन दुसाध वो लीलो दुसाध पेशरान मनबोध दुसाध कौम–दुसाध शाकिन–देह बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट सं0–3 अंश | प्लॉट सं0–5 | सिमाना मौजा–कटहाडीह |
| 2 | 29 | 5 | रैयती | टांड एक | 0.0450 | रहमली खां वल्द बीखू खां कौम–पैठान सा0– कटहाडीह। | रास्ता | प्लॉट सं0–5 अंश | प्लॉट सं0–7 | प्लॉट सं0–3 |
| 3 | 16 | 6 | रैयती | मकान दो सहन एक | 0.0040 | देवचन्द दुशाद वो खेमन दुसाध वो लीलो दुसाध पेशरान मनबोध दुसाध कौम–दुसाध शाकिन–देह बहिस्सा बराबर। | प्लॉट सं0–5 | प्लॉट सं0–6 अंश | प्लॉट सं0–7 | प्लॉट सं0–5 |
| 4 | 16 | 7 | रैयती | टांड एक | 0.0100 | | रास्ता | प्लॉट सं0–7 अंश | प्लॉट सं0–10 | प्लॉट सं0–6 |
| 5 | 15 | 10 | रैयती | टांड एक | 0.0110 | दुखन पासी वल्द नखीद पासी कौम–पासी सा0– देह | रास्ता | प्लॉट सं0–10 अंश | प्लॉट सं0–11 | प्लॉट सं0–7 |
| 6 | 24 | 11 | रैयती | मकान दो सहन एक | 0.0030 | बुधन पासी वल्द लखीद पासी कौम–पासी सा0– देह। | रास्ता | प्लॉट सं0–11 अंश | प्लॉट सं0–13 | प्लॉट सं0–10 |
| 7 | 15 | 13 | रैयती | मकान तीन सहन एक | 0.0080 | दुखन पासी वल्द नखीद पासी कौम–पासी सा0–देह | रास्ता | प्लॉट सं0–13 अंश | प्लॉट सं0–15 | प्लॉट सं0–11 |
| 8 | 38 | 14 | रैयती | मकान तीन सहन एक | 0.0190 | शुकर पासी वल्द लखीद पासी कौम–पासी सा0–देह। | रास्ता | प्लॉट सं0–14 अंश | प्लॉट सं0–16 | प्लॉट सं0–15 |
| 9 | 38 | 15 | रैयती | टांड एक | 0.0090 | शुकर पासी वल्द लखीद पासी कौम–पासी सा0–देह। | रास्ता | प्लॉट सं0–15 अंश | प्लॉट सं0–14 | प्लॉट सं0–13 |
| 10 | 23 | 16 | रैयती | टांड तीन | 0.0110 | बबरली खां वल्द भीखु खां कौम–पैठान साकिन–कटहाडीह। | रास्ता | प्लॉट सं0–16 अंश | प्लॉट सं0–17 | प्लॉट सं0–14 |
| 11 | 17 | 17 | रैयती | टांड तीन | 0.0160 | नजीव खां वल्द अकु खां कौम–पैठान सा0–कटहाडीह। | रास्ता | प्लॉट सं0–17 अंश | प्लॉट सं0–18 | प्लॉट सं0–16 |
| 12 | 38 | 18 | रैयती | टांड तीन | 0.0130 | शुकर पासी वल्द लखीद पासी कौम–पासी सा0–देह। | रास्ता | प्लॉट सं0–18 अंश | सिमाना मौजा–खेशकरी | प्लॉट सं0–17 |
| 13 | 8 | 570 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0090 | जनवाद खां वल्द हेमत अली खां कॉम–पैठान सा0–खेशकरी। | रास्ता | प्लॉट सं0–570 अंश | प्लॉट सं0–572 | सिमाना मौजा–खेशकरी |
| 14 | 42 | 572 | रैयती | टांड तीन | 0.0110 | दाउद खां वो तुराव खां वो शहवली खां रहमली खां वो रसुल खां पेशरान मोवम खां कौम–पैठान शाकिन–जयनगर बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट सं0–572 अंश | प्लॉट सं0–574 | प्लॉट सं0–570 |
| 15 | 7 | 574 | रैयती | टांड तीन | 0.0210 | अज्ञात सा0–खेशकरी वो तजबली वो वाहीद खो पेशरान वोजीर खां 1 हिस्सा बहिस्सा बराबर | रास्ता | प्लॉट सं0–574 अंश | प्लॉट सं0–575 | प्लॉट सं0–572 |
| 16 | 19 | 575 | रैयती | टांड तीन | 0.0320 | नारो गोप वो बिहारी गोप वो शोना गोप पेशरान जानकी गोप कौम गोआला साकिन–कटहाडीह बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट सं0–575 अंश | प्लॉट सं0–622 | प्लॉट सं0–574 |
| 17 | 37 | 625 | रैयती | टांड तीन | 0.0590 | शिवदयाल सिंह वो धारी सिंह वो भगत सिंह वो ललित सिंह कौम–राजपुत सा0–मरूआटांड बहिस्सा बराबर। | रास्ता | प्लॉट सं0–625 अंश | सिमाना मौजा–खेशकरी | प्लॉट सं0–623 |
| कुल– | | | | | 0.3050 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0 / –
समुचित सरकार–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 328640 Land Reforms(24-25).D

# हाथरस के सबक

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ के कारण इतनी बड़ी संख्या में हुई श्रद्धालुओं की मौत तकलीफदेह तो है ही, हमारे तंत्र पर एक बड़ा सवाल भी है। ऐसे हादसे अपने देश के लिए नये नहीं हैं, समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसी खबरें आती रहती हैं। इन घटनाओं का दोहराव बताता है कि इनसे जरूरी सबक लेकर कारगर कदम उठाने का काम ठीक से नहीं हो रहा। जहां तक हाथरस में हुई घटना की बात है, तो शुरू में इसे लापरवाही का नतीजा ही माना जा रहा था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा करने और पीड़ितों से बातचीत समेत सभी संभव स्रोतों से ब्योरा लेने के बाद कहा है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिये हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच टीम मामले की तह तक जाकर इससे जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल करेगी और इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने के साथ ही बचाव के कारगर उपाय भी सुझायेगी। जो शुरुआती तथ्य अब तक सामने आये हैं, वे भी कई अहम सवाल खड़े करते हैं। मिसाल के तौर पर बकौल खुद मुख्यमंत्री, सेवादारों की भूमिका संदेह के दायरे में है। कहा जाता है कि कुछ सेवादारों ने भक्तों को धक्के दिये। इससे भगदड़ के हालात बने। कुछ हलकों में भक्तों पर पानी छोड़ने की बात कही जा रही है, जिससे कीचड़ बनी और कई महिलाएं उसमें गिरीं। प्रशासन के स्तर पर पर्याप्त इंतजाम न होने की शिकायतें भी हैं। निश्चित रूप से प्रशासनिक व्यवस्था की कमियां दूर करने, एसओपी तैयार करने और उस पर अमल सुनिश्चित करने का काम तत्काल प्रभाव से शुरू होना चाहिए, लेकिन जिन वजहों से और जितनी बड़ी संख्या में लोग इस सत्संग के लिए इकट्ठा हो गये, उन्हें भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। मसलन, सत्संग के लिए आये कुछ लोगों ने बताया कि वे यह देखने आये थे कि ये बाबा इंसान हैं या भगवान। किन-किन तरीकों से ऐसे बाबाओं का समाज में क्रेज बनाया जाता है, उसे समझना भी समस्या को हल करने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। भारत जैसे देश में आस्था की बड़ी जगह है। हर व्यक्ति की आस्था का सम्मान हर हाल में होना भी चाहिए, लेकिन यह याद रखना भी जरूरी है कि आस्था और अंधविश्वास में बड़ा बारीक, लेकिन महत्वपूर्ण अंतर होता है। आस्था के नाम पर समाज में अंधविश्वास फैलाने और लोगों के विश्वास का बेजा फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं होनी चाहिए। यह रास्ता कठिन है और बहुत सावधानी की मांग करता है, लेकिन ऐसे हादसों को रोकना है, तो यह रास्ता तय करना ही होगा।

**आस्था के नाम पर समाज में अंधविश्वास फैलाने और लोगों के विश्वास का बेजा फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं होनी चाहिए। यह रास्ता कठिन है और बहुत सावधानी की मांग करता है, लेकिन ऐसे हादसों को रोकना है, तो यह रास्ता तय करना ही होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हमारी अर्थव्यवस्था का मौजूदा आकार 3.5 ट्रिलियन डॉलर है, जो अगले पांच साल में 5.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और बढ़ती कामकाजी आयु वर्ग की आबादी के आधार पर 2024-25 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ा कर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। यह दर इस सदी के पहले दशक में हम जो हासिल कर पाये थे, उससे थोड़ी कम है, लेकिन ये अभी भी प्रभावशाली आंकड़े हैं और हम सभी को अपनी प्रगति और क्षमता पर गर्व होना चाहिए।**

# अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है

**विपिन पब्बी**

शेयर बाजार नयी ऊंचाइयों पर चढ़ रहे हैं। बेंचमार्क सैंसेक्स 80,000 अंक को पार कर अभूतपूर्व शिखर पर पहुंच गया है और अभी भी ऊपर जा रहा है। लोकसभा के नतीजों की घोषणा के बाद तेज गिरावट के बावजूद यह तेजी से बढ़ रहा है। यह कुछ दिनों में वापस उछल गया और तब से लगातार बढ़ रहा है। गौरतलब है कि पिछले एक साल में शेयर बाजारों का सबसे निचला स्तर तब था, जब सैंसेक्स 8,893 अंक पर आ गया था, तब से सैंसेक्स में दस गुना वृद्धि हुई है, जो विश्व रिकॉर्ड हो सकता है। यह भी एक तथ्य है कि हम अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और अगले साल जापान को पीछे छोड़ देंगे और कुछ साल बाद जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। इसके बाद लंबे समय तक हमारे अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर बने रहने की उम्मीद है।



**हमारी वर्तमान प्रति व्यक्ति आय मात्र 2845 अमेरिकी डॉलर है और हमें उम्मीद है कि 2028-29 तक यह 4281 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जायेगी। इसकी तुलना हमारे पड़ोसी देश चीन से करें, जो कुछ वर्षों में हमारा सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी होगा। इसका सकल घरेलू उत्पाद वर्तमान में 13,136 अमेरिकी डॉलर है।**

हमारी अर्थव्यवस्था का मौजूदा आकार 3.5 ट्रिलियन डॉलर है, जो अगले पांच साल में 5.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और बढ़ती कामकाजी आयु वर्ग की आबादी के आधार पर 2024-25 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ा कर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। यह दर इस सदी के पहले दशक में हम जो हासिल कर पाये थे, उससे थोड़ी कम है, लेकिन ये अभी भी प्रभावशाली आंकड़े हैं और हम सभी को अपनी प्रगति और क्षमता पर गर्व होना चाहिए। फिर भी हमारी अर्थव्यवस्था के बारे में सब कुछ सही नहीं है। हमारी अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ते आकार और दुनिया में तीसरे स्थान की दौड़ के बावजूद, तथ्य यह है कि हम दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे गरीब देश हैं। आने वाले कई दशकों तक हमारे पास यह संदिग्ध गौरव बना रहने की संभावना है।

**भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर में मई 2024 में उल्लेखनीय गिरावट देखी गयी।**

हमारी वर्तमान प्रति व्यक्ति आय मात्र 2845 अमेरिकी डॉलर है और हमें उम्मीद है कि 2028-29 तक यह 4281 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जायेगी। इसकी तुलना हमारे पड़ोसी देश चीन से करें, जो कुछ वर्षों में हमारा सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी होगा। इसका सकल घरेलू उत्पाद वर्तमान में 13,136 अमेरिकी डॉलर है। इस प्रकार हम आदर्श स्थिति से बहुत दूर हैं और हमें अपनी क्षमता का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, क्योंकि हम 27 वर्ष की औसत आयु के साथ दुनिया की सबसे युवा आबादी भी हैं। हाल के चुनाव परिणामों ने सरकारी नीतियों में स्थिरता और निरंतरता को बढ़ावा दिया है, जो शेयर बाजारों में परिलक्षित होता है, लेकिन स्पष्ट रूप से अर्थव्यवस्था में सुधार और राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए और अधिक किया जाना है। इसके लिए सरकार को नीतियों का मार्गदर्शन करने के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध विशेषज्ञों को लाना चाहिए। दो प्रमुख क्षेत्र हैं, जो एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, लेकिन जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। पहला है नयी नौकरियों का सृजन। दुर्भाग्य से, रोजगार में वृद्धि के बजाय, देश भर में औपचारिक नौकरियों में उल्लेखनीय कमी आयी है।

भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर में मई 2024 में उल्लेखनीय गिरावट देखी गयी। इस महीने में यह गिर कर 7 प्रतिशत हो गयी, जो सितंबर 2022 के बाद से सबसे कम दर्ज की गयी है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि देश में अनौपचारिक उद्यमों की संख्या, जो मुख्य रूप से सड़क के किनारे की छोटी दुकानें या कियोस्क हैं, 2010-11 में 5.76 करोड़ से बढ़ कर अब 6.50 करोड़ से अधिक हो गयी है। लगभग 11 करोड़ श्रमिकों के ऐसे अनौपचारिक प्रतिष्ठानों के साथ काम करने का अनुमान है। यह एक अच्छा संकेत नहीं है। यदि अर्थव्यवस्था वास्तव में बहुत अच्छा कर रही होती और रोजगार के अधिक उत्पादक रूप पैदा कर रही होती, तो यह संख्या तेजी से कम होनी चाहिए थी। यह भी स्पष्ट है कि इन श्रमिकों को बहुत कम मजदूरी मिलती है और बढ़ती मुद्रास्फीति से उनके लिए बहुत कम सुरक्षा है।

नौकरी बाजार में तनाव मनरेगा के तहत नौकरियों की बढ़ती मांग में भी परिलक्षित होता है। सरकारी योजना हालांकि, शहरी और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में नौकरी न पाने वाले युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और वे इस योजना के तहत काम मांग रहे हैं।

गिग इकोनॉमी, जिसमें कोरियर और अन्य डिलीवरी सेवाओं जैसे मांग के आधार पर अस्थायी या फ्रीलांस काम के लिए श्रमिकों को रखा जाता है, स्थिर या अच्छे वेतन वाली नौकरियां प्रदान नहीं करती है।

दिलचस्प बात यह है कि रक्षा बलों या रेलवे में सरकारी नौकरियों के अलावा, देश में सबसे बड़े नियोक्ता अब उबर और ओला कैब हैं, उसके बाद स्वीगी और जोमैटो हैं। बेरोजगारी का मुद्दा इस तथ्य से भी बढ़ गया है कि वर्तमान में हमारे पास पहले से कहीं अधिक संख्या में युवा हैं, जो रोजगार योग्य आयु में हैं।

रक्षा सेवाओं के भर्ती नियमों में बदलाव, जैसे अग्निवीर योजना की शुरुआत और प्रौद्योगिकी का समावेश, जिसने कई तरह की नौकरियों को कम कर दिया था, ने समस्या को और बढ़ा दिया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि युवाओं में निराशा बढ़ रही है और यह अखिल भारतीय प्रवेश और प्रवेश परीक्षाओं के लिए लगातार प्रश्नपत्र लीक होने से गुस्से में बदल सकती है। दूसरे बिंदू पर आते हैं, जो खराब रोजगार दर का एक परिणाम है, विनिर्माण में पर्याप्त निवेश की कमी और देश में तुलनात्मक रूप से कम विदेशी निवेश। सरकार कार्पोरेट टैक्स में कटौती, सब्सिडी देने, टैरिफ लगाने और बैंक खातों की सफाई जैसे कुछ कदम उठा रही है।

## जमशेदपुर की खबरें

### श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का दूसरा दिन

# देवताओं का आह्वान कर मंगल कामना की गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। गुरुवार को देवताओं का आह्वान, पूजन, पाठ, जप, धन्नाधिवास, धृत्ताधिवास, गन्धाधिवास और धूपाधिवास हुआ। महायज्ञ के प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय थे। मंडप में श्री राय के अलावासूरज हेंब्रम, पुष्पा खादका, दुर्गा खादका, सीमा करन, कन्हैया झा, रूपा देवी, यूके शर्मा, विनोद राय और भार्गवी देवी भी पूजा हेतु बैठी थीं। आज सुबह मंडपस्थ देवताओं का आह्वान किया गया और मंगलकामना की गयी। फिर पंचागस्ट पूजा किया गया। पंचागस्ट पूजा के साथ ही नवग्रह मंडल पूजन, जोगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन के भी



उपक्रम किये गये। महायज्ञ के तीसरे दिन अर्थात शुक्रवार को मंडपस्थ आवाहित देवताओं का पूजन, अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापन, पाठ, जप, हवन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, औष्ध्याधिवास और मिष्ठानाधिवास का आयोजन होना है। महायज्ञ करा रहे श्री विनोद पांडेय ने बताया कि किसी भी मंदिर का जीर्णोद्धार करना अत्यंत पुष्य का कार्य होता है। उन्होंने अग्निपुराण का हवाला देते हुए बताया कि किसी गिर रहे या गिर चुके मंदिर का जीर्णोद्धार करने से मंदिर निर्माण से भी दोगुना फल की प्राप्ति होती है। इस महायज्ञ में सर्वश्री विनोद पांडेय, संजीव पांडेय, राजू चौबे, अजय तिवारी, असंघ चौबे, निर्मल दुबे समेत 31 ब्राह्मण हिस्सा ले रहे हैं। बेगूसराय के ख्यातिलब्ध पंडित गौरीकांत ठाकुर के मार्गदर्शन में यह महायज्ञ हो रहा है।

# सरायकेला खरसावां जिले के 21वें एसपी बने मुकेश कुमार लुणायत




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी मुकेश कुमार लुणायत ने 21वें एसपी के रूप में गुरुवार को निवर्तमान एसपी मनीष टोप्पो से पदभार ग्रहण किया। जमशेदपुर के सिटी एसपी रहे मुकेश कुमार लुणायत को बुधवार को सरायकेला का एसपी बनाया गया। पदभार मिलने के बाद एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने कहा अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। आदित्यपुर में ब्राउन शुगर के कारोबार पर नकेल कसना और जिले को अपराधमुक्त बनाने पर विशेष फोकस रहेगा। पुलिस पदाधिकारियों को साथ लेकर जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में आम जनता का भी सहयोग अपेक्षित है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ डेंजर जोन चिन्हित कर विशेष कार्य योजना तैयार की जायेगी।

# पूर्वी सिंहभूम में खेतों की जुताई और धान बीज डालने का काम शुरू



**आजाद सिपाही संवाददता**

**पोटका।** मानसून आने और अल्प बारिश के उपरांत प्रखंड क्षेत्र में धान बीज डालने का काम शुरू हो गया है। किसान हल और ट्रैक्टर से खेतों की मिट्टी को बीजारोपण के लिए तैयारी करने में जुट गये हैं। प्रखंड के पोटका पंचायत की मुखिया और मुखिया संघ की अध्यक्ष पानों सरदार अपने सरमोंदा गांव मुख्य सड़क किनारे स्थित खेत में खेती के काम जुट गई है। गुरुवार को मुखिया पानो सरदार स्वयं मिट्टी से घास निकाली। घास निकालने के बाद बीजारोपण किया। बीज को मिट्टी से ढंक दिया। इस काम में मुखिया के पति सतीश सरदार भी हाथ बटाया। मुखिया ने कहा कि जनप्रतिनिधि के साथ साथ किसान परिवार की बेटी और बहु हुं। खेती करना हमलोगों का पेशा है। समय के साथ कृषि कार्य कर धान की पैदावार करती हुं। खेती करने से अनेक लाभ हैं। मैं प्रखंड के सभी भू स्वामियों से निवेदन करती हुं कि आप अपने खेत में फसल जरूर उपजाएं। खेती को पड़ती मत छोड़े। कृषि को बढ़ावा देने से देश अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा।

# अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

पटमदा। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम प्रखंड में अनियमित बिजली आपूर्ति से ग्रामीण परेशान है। नाराज होकर दर्जनों ग्रामीण बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज के नाम प्रधान लिपिक को मांग पत्र सौंपा। मौके पर उन्होंने अविलंब बिजली आपूर्त्ति में सुधार के लिए मांग की।ग्रामीणों के अनुसार बोड़ाम क्षेत्र में रोजाना 6 से 7 घंटे तक बिजली गुल रहती है। बरसात में अंधेरे होने से सांप, बिच्छु और अन्य जहरीले कीड़े मकोड़े का भय बना रहता है।

# हाता-मुसाबनी रोड का जादूगोड़ा तक कालीकरण का काम पूरा : बालिस्टर सिंह

**आजाद सिपाही संवाददताा**

**पोटका।** हाता से मुसाबनी तक किए जा रहे सड़क के कालीकरण कार्य के अंतर्गत वर्तमान में यह कार्य जादूगोड़ा तक पूरा कर लिया गया है। साथ ही सड़क के सौंदर्यीकरण का कार्य भी लगभग पूर्ण कर लिया गया है। इसकी जानकारी निर्माण कंपनी के प्रबंधक बालिस्टर सिंह ने दी। उन्होंने बताया की हाता से जादूगोड़ा तक 22 किलोमीटर में कालीकरण कार्य पूरी गुणवत्ता के



साथ पूरा कर लिया गया है। साथ ही वर्षात से पूर्व ही सड़क के दोनो छोड़ के फ्लैंक को मिट्टी से भड़कर समतल करने के साथ साथ रोलर भी चला दिया गया है। ताकि वाहनों को साइड लेने में किसी तरह की परेशानी न हो। सड़क में दुर्घटना को रोकने के लिए पेंटिंग ( व्हाइट लाइन ) की जा रही है ।

# दिव्यांगों-बुजुर्गों को चार महीने से नहीं मिल रही पेंशन, पूर्व पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** नगर निगम क्षेत्र के रहने वाले पेंशनधारी लाभुकों को बीते 4 महीने से पेंशन नहीं मिला। जानकारी मिलने पर गुरुवार को वार्ड 15 के पूर्व पार्षद नथुनी सिंह के नेतृत्व में पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल गम्हरिया सीओ से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने बुजुर्ग और दिव्यांग पेंशनधाराकों को हो रहे परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही तत्काल समाधान



की मांग की। उन्होंने बताया सरकार की ओर से मिलने वाले पेंशन की बदौलत लाचार और बेबस बुजुर्गों और दिव्यांगों का गुजर-बसर चलता था। लेकिन बीते चार महीने से पेंशन बंद है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल लाभुकों को पेंशन का भुगतान करने की मांग की। मौके पर वार्ड-17 के पूर्व पार्षद नीतू शर्मा, वार्ड-4 के मनोरमा देवी,वार्ड-22 के सुधीर सिंह व वार्ड 12 के विक्रम किस्कू शामिल रहे।

# दर्जनों टोला में नि:शुल्क पानी का वितरण

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। पोटका विधानसभा क्षेत्र में विधायक संजीव सरदार के पहल पर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता,स्थानीय मुखिया सुनील किस्कु व झामुमो जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू के नेतृत्व में रानीडीह के दर्जनो टोला में 12000 लीटर नि:शुल्क पानी वितरण किया। गुरुवार को रानीडीह मेन रोड स्थित हो टोला,टिकर टोला,कोके टोला,रानीडीह मनसा चौक व अन्य टोला में स्थानीय लोगों ने लाइन में बारी-बारी से पानी उपलब्ध कराया गया। वही शुद्ध नि:शुल्क पानी मिलने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक संजीव सरदार के प्रति आभार जताया।

## बीपी और मधुमेह के रोगियों की पहचान के लिए चलायें अभियान : डीसी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, एमटीसी केंद्रों की स्थिति, टीबी व कुष्ठ रोगियों की जांच व वर्तमान स्थिति, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर आदि बिंदुओं की विस्तृत रिपोर्ट पर चर्चा की गयी और आवश्यक निर्देश सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिये गये। घर-घर उच्च रक्तचाप और मधुमेह के रोगियों की पहचान के लिए अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया। आयुष्मान भारत अंतर्गत प्राप्त आवंटन व उसके व्यय और शेष के स्थिति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सदर अस्पताल को प्राप्त फण्ड और उसके व्यय व शेष के स्थिति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी और शेष राशि के उपयोग हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन को प्रत्येक माह पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु कार्ययोजना बनाने और उसका अनुपालन किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक व अन्य उपस्थित थे।

## 18 बॉक्साइट ट्रकों की हुई जांच



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पठारी इलाकों में खनिजों के ढुलाई में लगे व्यावसायिक वाहनों ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने एवं परिवहन कागजातों को दुरुस्त करने को लेकर गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने पाखर माइंस क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान डीटीओ संजय कुमार ने बॉक्साइट ढुलाई में लगे लगभग 18 बॉक्साइट ट्रकों की जांच किया। वाहन और कागजातों की जांच कर तृतीय को चिन्हित किया गया। मौके पर ट्रक चालक सह चालकों से डीटीओ संजय कुमार ने कहा कि ट्रक मालिक और चालक प्राथमिकता पर अपने वाहनों का जरूरी दस्तावेज दुरुस्त करना सुनिश्चित करें। चेतावनी के बावजूद वहां के कागजातों को दुरुस्त नहीं करने पर परिवहन नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी हिंडाल्को के माइंस मैनेजर से विगत एक माह पूर्व चले वाहनों के कागजातों की मांग किया गया। इस मौके पर पाखर माइंस के कर्मी ट्रक चालक सहचालक समिति अन्य मौजूद थे।

## नियोजनालय परिसर में भर्ती मेला आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय भर्ती मेला का आयोजन जिला नियोजन लोहरदगा के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह लोहरदगा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप तथा मोहम्मद जोहर आदि उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 06 कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए कार्यक्रम में कुल 83 प्रतिभागी ने पंजीकरण करवाया जिसमें से 44 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया और 32 लोगों को अंतिम रूप से चयन किया गया।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल बरवाडीह के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में लातेहार जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता टीम में शामिल बरवाडीह के कबड्डी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हुल दिवस के अवसर पर बोकारो में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें लातेहार जिला की कबड्डी प्रतियोगिता की टीम जिला कबड्डी संघ के जिला सचिव असफाक अहमद मुन्ना के नेतृत्व में शामिल हुई थी। जिसमें प्रतिभागी टीम रांची के टीम से सेमीफाइनल में हार कर बाहर हो गयी थी। खिलाड़ियों को केवल सांत्वना पुरस्कार से ही संतोष कर वापस आना पड़ा था। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए गुरुवार को परियोजना बालिका विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक साबिर खान और जिला कबड्डी संघ के जिला सचिव अस्फाक अहमद मुन्ना द्वारा भाग लेने वाले बालक बालिका कबड्डी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल ने कहा कि विद्यालय के बालिकाओं ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे थे।जिससे ऐसे प्रतिभागियों को हौसला अफजाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बालिकाओं को कबड्डी नियमित अभ्यास कराया जायेगा। जिससे आने वाले दिनों में यही बच्चे विद्यालय के साथ साथ जिला का नाम रोशन करेंगे। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लातेहार जिले में मनरेगा घोटाला चरम पर : रवि डे

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार समाजसेवी सह झविस नेता रवि कुमार डे एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि लातेहार जिले में मनरेगा घोटाला चरम पर है साथ ही साथ लातेहार जिले के मनरेगा के लोकपाल संतोष पंडित के द्वारा मनरेगा घोटाले का अंजाम दिया जा रहा है जिससे पूरे जिले में मनरेगा की जो भी कार्य हो रहे हैं वह सभी कार्य जैसे तैसे किया जा रहा है श्री डे कहां है कि घोटाले से संतोष कुमार पंडित की अवैध संपत्ति अर्जित हुई है जिसे सीबीआइ से जांच कराई जाए और आय से अधिक संपत्ति की जांच दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। इधर इस संबंध में जिले के मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित से पूछे जाने पर उन्होंने कहा है कि मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा है मनरेगा में कैसे कार्य हो रहा है कैसे ल हो रही है आप हमारे कार्यालय में आए और सीधा-सीधा बात करें जिससे हम समझ पायेंगे।

### लोहरदगा में नहीं थम रहा रफ्तार का कहर

# 6 माह में 44 सड़क दुर्घटना, 39 मौतें

**नाबालिग चालक को पकड़े जाने पर 25 हजार की होगी फाइन**

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में सड़क हादसों में बेहतासा वृद्धि दर्ज की जा रही है। रफ्तार का कहर का शिकार अधिकांशत किशोर और युवा वर्ग हो रहा है। वर्ष 2024 जनवरी से अब तक 44 भीषण सड़क हादसा हो चुका है। इसमें 39 व्यक्तियों ने अपनी जान गवाया। जबकि, 38 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। वर्ष 2023 में कुल 108 सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें, 73 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि 78 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये थे। कई शारीरिक से अपाहिज होकर जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के मैट्रिक और इंटर के युवक युवतियां सड़कों पर दोपहिया,



चारपहिया वाहनों को रफ्तार दे रहे हैं। जिससे सड़क दुर्घटना होना आम बात है। बिना लाइसेंस के ट्रक और ट्रैक्टर रफ्तार पकड़ी है। स्वाभाविक है परिणाम गंभीर होंगे। एनजीटी लागू होने के बाद रातभर बालू लदे ट्रैक्टर की रफ्तार सड़क हादसों को सीधा आमंत्रित कर रहा है। रिहायशी इलाकों के बाजार वाली सड़कों पर ड्रिंक एंड ड्राइव, रफ ड्राविंग एवं ट्रैफिक नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने की बात आम है। इधर, परिवहन नियमों का कड़ाई अनुपालन कर सड़क हादसों में कमी करने को लेकर पिछले दिनों उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक की गयी है। इस दौरान डीटीओ संजय कुमार एवं सड़क सुरक्षा समिति प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी ने सड़क हादसों को रोकने के लिए तैयार विभागीय प्रस्ताव को प्रस्तुत किया। इसके तहत चालू जुलाई महीने से परिवहन विभाग पूरे लोहरदगा जिले में सघन और कारगर अभियान चलाएगा। अभियान में नियम कायदों को कठोरता से अनुपालन किया जायेगा। परिवहन विभाग की धारा 199 के तहत सड़क पर नाबालिक किशोर किशोरियों को वाहन चलाते पकड़े जाने पर 25000 का जुमार्ना और तीन माह का कारावास की सजा होगी। बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 5000 का जुमार्ना लगेगा। ब्रेथ एनालाइजर का प्रयोग किया जायेगा। इसमें पकड़े जाने पर वाहन चालक को 10000 का फाइन और तीन माह का कारावास होगा।

**बच्चों को महंगी बाइक खरीद कर ना दें अभिभावक : संजय बर्मन**

जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बर्मन ने इस निमित्त जागरूक नागरिकों और अभिभावकों से अपील किया कि, अपने-अपने बच्चों, किशोर किशोरियों के हठ व जिद्द के आगे हरगिज नहीं झुके। उन्हें बाइक स्कूटी हरगिज खरीद कर ना दें, नहीं उन्हें चलाने दें। कहा, दुर्घटनाएं कभी बोलकर नहीं आती हैं। मानव जीवन अनमोल है। इसे संवेदनशीलता से समझनी होगी। हादसा का शिकार होकर युवा मौत के आगोश में चले जाते हैं। इससे परिवार बिखर जाता है। कहा कि, सड़क हादसों को रोकने में प्रशासनिक प्रयास के साथ सामाजिक और पारिवारिक प्रयास भी नितांत आवश्यक है।

# भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के खिलाफ पड़हा समाज और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गोलबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को 22 पड़हा समाज व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा सिसई-भरनो के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी केन्द्रीय अध्यक्ष पुस्कर महतो, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कुशवाहा उपस्थित हुए। कार्यक्रम के उपरांत प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम पर 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि आज प्रखंड प्रशासन पुरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। क्षेत्र की जनता विकास के उम्मीद में जिग्गा सुसारन होरो को विधायक बनाकर भेजा था ,बड़े-बड़े लोक लुभावन वादा करके विधायक तो बने लेकिन आज विधायक क्षेत्र में कभी नजर नहीं आते हैं, आम गरीब जनता



हैरान-परेशान हैं। अंचल कार्यालय के सीओ ड्यूटी से दिन भर नदारद रहते हैं और शाम छह बजे कार्यालय आकर अपने कर्मचारियों से बैठकर बिचौलियों व पैसे वालों का काम करते हैं।

आंदोलनकारी सुनील साहु ने कहा कि प्रखंड में पेंशन, मनरेगा, जन्म प्रमाण पत्र, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने, राशन कार्ड बनाने, अबुआ आवास योजना, जमीन आंनलाईन सुधार, दाखिल-खारिज, किसानों के खाद-बीज, पेंशन पीपीओ में घुसखोरी और बिचौलियों का बोलबाला है। राज्य में 50 साल से ऊपर के एसटी एससी को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, योजना झारखंड के स्थायी ओबीसी वर्ग के लोग को वंचित रखना गलत है, सभी झारखंडवासियों को समान पेंशन लाभ मिलना चाहिए। सभी सरकारी योजनाओं में संबंधित अधिकारी-कर्मी से लेकर जनप्रतिनिधि सब मिलकर गरीबों को लुटने में लगे हैं। स्थानीय विधायक के सहयोगी हर कार्यालय में दलाली व कमीशनखोरी में लगे हैं।

वहीं 22 पड़हा समाज के बिरसा उरांव ने कहा कि जिस भरोसे से क्षेत्र की जनता ने झामुमो के विधायक को चुनकर कुर्सी में बैठाया। जनता की उम्मीद पर विधायक व उनके इर्द-गिर्द रहने वालों ने पानी फेर दिया। पड़हा समाज व आम गरीब जनता को ठगने और बदनाम करने वालों को सबक सिखाया जाएगा। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष पुस्कर महतो व उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह कुशवाहा ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर 22 पड़हा के मंगरा उरांव, बिरसा उरांव, गजेन्द्र उरांव, उमेश उरांव, जुब्बी उरांव, 21 पड़हा भरनो के ललित उरांव, प्रकाश बड़ाईक, बिमला उरांव, पुष्पा उरांव, देवीचरण उरांव, अमर उरांव, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अजीत विश्वकर्मा, सुनील साहु, मनोज वर्मा, जुबेर अंसारी, जीतबहान साहु,जोहन एक्का, भागीरथी साहु सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# लातेहार जिले में खाद्य आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदया ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अप्रैल, मई और जून माह 2024 के खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के क्रम में कम खाद्यान्न वितरण कराने वाले एमओ मनिका, लातेहार को



लक्ष्य के विरूद्ध खाद्यान्न का वितरण असंतोषप्रद रहने का कारण पूछा गया एवं सख्त निदेश दिया गया कि खाद्यान्नों का ससमय उठाव कराते हुए 15 दिनों के अंदर शत प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करेगें। साथ ही चना दाल वितरण की समीक्षा के क्रम में सभी एमओ को वितरण कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। आगे उन्होंने कहा कि पैक्स केंद्रों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए धान अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यों को संपादित करें ताकि धान अधिप्राप्ति के समय किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो।

## जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले में बढ़ते बाइक दुर्घटना को देखते हुए लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार दिन गुरुवार को लातेहार थाना के सामने एसपी अंजनी अंजन के निर्देश अनुसार पुलिस बल के जवानों के द्वारा दो पहिया वाहन की जांच की गयी दो पहिया वाहन की जांच में मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चला रहे व्यक्ति की हेलमेट की जांच की गयी। जांच के दौरान दर्जनों दो पहिया वाहन को पुलिस प्रशासन ने जब्त कर थाना में बाइक को लगवा दी। अक्सर देखा जा रहा है कि दो पहिया वाहन चलने वाले व्यक्ति के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए बाइक को चला रहे हैं।

# गुमला के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सरकारी सुविधाएं पहुंचाना उद्देश्य : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला के डुमरी प्रखंड स्थित करनी पंचायत भवन में आज 'संपूर्णता अभियान' की शुरूआत की गयी। यह अभियान केंद्र सरकार ने देश के अत्यंत पिछड़े जिलों व प्रखंडों में सेवा वितरण व शासन स्तर में सुधार के उद्देश्य से प्रारंभ कर रही है । ऐसे चिन्हित इलाकों में विकास संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नीति आयोग द्वारा 06 संकेतकों का निर्धारण करते हुए विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर तक स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आदि जैसे विकास कार्यों पर मुख्य रूप से फोकस किया जायेगा। इस दौरान कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ गुमला उपायुक्त कर्ण



सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, नीति आयोग के असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर करन कुमार सिंह सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

गुमला उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की शुरूआत जिला या प्रखंड कार्यालय से भी की जा सकती थी। आपका पंचायत सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित हैं। आपके पंचायत में पहुंचने के लिए छत्तीसगढ़ के रास्ते से भी आना होता है। सरकारी सुविधाओं को सुदूरवर्ती से क्षेत्र में पहुंचाना उद्देश्य है। सभी का लक्ष्य यही है कि केंद्र एवं राज्य के योजनाओं से आपको आच्छादित करना हैं। नीति आयोग का आह्वान है संपूर्णता अभियान से छूटे हुए लोगों को योजनाओं को लाभ देना है। सरकार को मूलभूत योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। केवल कागज पर नहीं वास्तव में लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने का लक्ष्य है। मार्च 2025 तक ज्यादा समय लगने वाले योजनाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी आदि से डुमरी के शत प्रतिशत घरों के आच्छादित करने का लक्ष्य है। उप विकास आयुक्त ने कहा की 39 इंडिकेटर्स पर काम चल रहा है, प्रखंड में उक्त इंडिकेटर में काफी आगे बढ़ चुके हैं। महत्वपूर्ण इंडिकेटर्स को पूर्ण करने के लिए इस माह में कार्य किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं का देखभाल, कृषि में सॉइल हेल्थ कार्ड, एसएचजी समूह को ऋण उपलब्ध कराने जैसे कार्य किए जाएंगे। मौके पर नीति आयोग के टीम, जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पिरामिल फाउंडेशन की टीम प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## हाथरस में सत्संग के दौरान हुई दुर्घटना पर जेएनडी नेताओं ने शोक प्रकट किया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुए सत्संग के दौरान हृदय विदारक घटना के प्रति गहरा दुख प्रकट किया है और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। दल ने कहा है कि इस तरह का आयोजन सुरक्षित और सरकार की निगरानी में होनी चाहिए ताकि इस तरह की कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं के साथ कोई दुर्घटना ना घट सके। दल के नेताओं ने इस भारी जनमानस की हुई नुकसान के आश्रितों को उचित मुआवजा देने की भी उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार से मांग की है। शोक प्रकट करने वालों में झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह, प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, भूषण सिंह, धर्मपाल उरांव, मनी उरांव, ललन साहू, रामप्यार तुरी, शिवप्रसाद नायक, पुष्पा उरांव, कुशमा मिंज मुख्य रूप से शामिल हैं।

## मिशन बदलाव ने डीसी से मृत मजदूरों के परिजनों के लिए मुआवजा मांगा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव जिला सचिव सय्यदा खातून नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा नगर सचिव ज्योति गुलरिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डीसी गुमला को मिलकर अवगत कराया, सय्यदा खातुन ने बताया कि पटना में प्रवासी मजदूर इट्टा भट्टा में काम करने के लिए गए थे कार्य करने के दौरान वहां हुई मारपीट मजदूर को मार के हत्या करके उसका शव को भी जला दिया गया। यह बातें उनकी पत्नी ने बताया और कहा कि जब मेरे पति को मारा गया और मैं अपने पति का बॉडी लाने के लिए दलाल सुनीता उरांव को बार-बार रिक्वेस्ट की लेकिन उन्होंने मेरा पति का शरीर को वापस नहीं भेजा और बॉडी को जला दिये। आज पत्नी को मुआवज को लेकर और पति के चेहरे को आखिरी बार नहीं देख पाने को लेकर बहुत निराशा है और बार-बार रोते हुए अपनी वेदना को बता रही है कि मेरी पति की हत्या हुई है ।उसको न्याय मिले और जो प्रवासी मजदूर को जो सरकारी सहायता मिलती है। वह तुरंत सुनिश्चित करें। मेरे पति का हत्या का जांच किया जाये और मुझे सरकारी सहायता दिया जाये। मिशन बदलाव के सय्यदा खातून ने बताया कि उसकी पत्नी रोते हुए अपने दुखदायी घटना को बताया और बोला कि मेरी पति को हत्या कर दिया गया है और उसका मुआवजा के लिए बिचौलियों ने पटना बुलाया और 400000 देंगे बिहार सरकार की तरफ से योजना है यह बोलकर एक सादे पत्र में आवेदन भी दिया और बोला कि आप लोग चले जाइए मुआवजा भेज दिया जायेगा। डीसी से मिलने वालों में नगर अध्यस ज्योति वर्मा और नगर सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर उपस्थित थे।

## विद्यालय के जर्जर भवन में जान जोखिम में डाल कर पढ़ने को विवश हैं बच्चे



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत अंतर्गत आरसी प्राथमिक विद्यालय तिलवारी का भवन अत्यंत जर्जर हो जाने के कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण करने को विवस हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय का भवन मिट्टी व खपड़े का है। इधर लगातार हो रही बारिश से भवन गिरने के कगार पर है वही क्लास रूम में भी बारिश का पानी घुस कर पूरी तरह से भर जा रहा है। जिसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले 60 छात्र छात्राओं के पठन-पाठन में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं कुछ छात्रों के माता-पिता ने कहा कि हम बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए विद्यालय भेजते हैं मगर बच्चे जान जोखिम में डालकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिससे हमें भी हमेशा डर बना रहता है। उन्होंने कहा कि दिनभर क्लास रूम में बारिश का पानी रहता है जिससे बच्चों का तबीयत बिगड़ने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री व गुमला विधायक भूषण तिर्की से एक भवन की मांग की है ताकि क्षेत्र के बच्चे बेहतर शिक्षक ग्रहण कर सके। इधर विद्यालय प्रबंधन समिति के वीरेंद्र मुंडा ने बताया कि विद्यालय में 60 छात्र छात्राएं पढ़ने आते हैं। मगर बरसात के कारण बच्चों व शिक्षकों को भी काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि 2022 में प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर को आवेदन देकर स्थिति से अवगत कराते हुए विद्यालय भवन का मरम्मत की मांग की गयी थी। मगर कहीं से किसी प्रकार का कोई मदद नहीं मिला है।

## बसिया में दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर और सहायक उपकरण का किया गया वितरण




**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बसिया बीडीओ सुप्रिया भगत एवं मुखिया एमलेन कुल्लू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस शिविर में भुवनेश्वर उड़ीसा से आये डॉक्टर ने कुल 30 बच्चों का मेडिकल जांच किया एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा कुल 10 बच्चों को सहायक उपकरण का वितरण भी किया गया। शिविर में भुवनेश्वर से आए डॉ विश्वजीत महापात्र, राकेश पटनायक, अविनाश कुमार, डॉ मदन, डॉ सुधीर कुमार ने सभी बच्चों का मेडिकल चेकअप कर उन्हें कई प्रकार के टिप्स भी दिये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनुपम कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट विनोद कुमार सिंह, बीआरपी प्रकाश कुमार राम, सहायक शिक्षक सुनील कुमार सिंह, संजीव कुमार, सरिता कुमारीआदि उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन योजना निर्माण बैठक संपन्न




**रायडीह (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को सिनी संस्था के तत्वावधान में उपरखटंगा पंचायत के पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय जलवायु परिवर्तन योजना निर्माण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वन विभाग के फोरेस्ट इंचार्ज शम्मी अफताब विशिष्ट अतिथि मुखिया कांता एक्का थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत के क्लाइमेंट चेंज चैम्पियन किशोर किशोरियों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर किया। वहीं बैठक के दौरान क्लाइमेंट चेंज चैम्पियन के द्वारा पैनल डिस्कशन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन क्या है उससे हमारे जीवन में पड़ने वाले प्रभाव व जलवायु परिवर्तन के कारणों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। वहीं मुख्य फोरेस्ट इंचार्ज शम्मी अफताब ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण बहुत सारी आपादयें आयी है जिससे जन जीवन खतरे पर है इससे निपटने के लिए वन विभाग की ओर से विभिन्न सारी योजनाएं हैं । जिसका लाभ वन समिति के माध्यम से ग्रामीण ले सकते हैं। हम सभी मनुष्य ही जलवायु परिवर्तन का कारण है हम यह जानते हैं की पेड़ों के कटने से या प्लास्टिक का प्रयोग से या जंगल में आग लगाने से हमारे जीवन में क्या असर पड़ेगा फिर भी जानते बुझते उसी कार्य को लोग करते हैं हमें आने वाले समय के लिए अपने जीवन में सुधार करने की जरुरत है।

# शिक्षक ने छात्रा से की अश्लील बातचीत, फिर ऑडियो को कर दिया वायरल, लोगों में गुस्सा

## शिकायत के दो महीने बाद भी छतरपुर थाने की पुलिस ने अब तक दर्ज नहीं की है प्राथमिकी

**कानूनी कार्रवाई से डरा सहायक शिक्षक पीड़िता व उसके माता-पिता पर बना रहा दबाव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/छतरपुर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगन तिलहरवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक अवध बिहारी यादव पर एक दलित परिवार की बेटी के साथ अश्लील बातें करते हुए 43 मिनट का ऑडियो क्लिप वायरल हुआ है। जिसमें सहायक शिक्षक बार-बार युवती पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रलोभन और दबाव बनाते सुना जा रहा है। साथ ही गांव की ही कई महिलाओं और युवतियों के साथ शारीरिक संबंध बनाने का भी शिक्षक ने ऑडियो क्लिप में जिक्र किया है। जानकारी के अनुसार शिक्षक अवध बिहारी यादव छात्राओं और महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध से संबंधित वीडियो बना कर उन्हें ब्लैकमेल करता था। खबर की पड़ताल करने पर पता चला है कि युवती द्वारा सहायक शिक्षक की बात नहीं मानने पर आरोपित शिक्षक ने खुद ही ऑडियो क्लिप वायरल कर दिया। जिसके बाद गांव वालों को घटना की जानकारी मिली। इस बात को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। शिक्षक अवध बिहारी यादव अपने गांव का दबंग व्यक्ति है। पर महिलाओं के प्रति उसका चरित्र बेहद खराब है। उधर, मामले का उजागर होने पर आरोपित शिक्षक कथित रूप से पीड़िता के माता-पिता पर लगातार दबाव बनाए हुए है, जिससे वे लोग थाने तक नहीं जा पा रहे हैं। आरोप है कि शिक्षक के डर से वे लोग कहीं छिप गये हैं। दूसरी ओर, आरोप है कि विगत पांच मई को ऑडियो क्लिप वायरल होने पर तिलहरवा गांव के ग्रामीणों ने बैठक की और सहायक शिक्षक अवध बिहारी यादव के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के लिए मुखिया और पंचायत समिति सदस्य सहित 127 ग्रामीणों ने छतरपुर थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायत की। इसके बाद पुनः ग्रामीणों ने बीते 26 और 30 जून को न्याय के लिए आवेदन दी। इसके बावजूद अब तक शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। उधर, पीड़िता के माता-पिता और कुछ ग्रामीण न्याय के लिए गुहार लगा रहे हैं। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। पीड़िता 164 बयान के लिए तैयार नहीं है। प्राथमिकी दर्ज करने पर केस पेंडिंग हो जाएगा।

## गोल जैसे संस्थान के हाथों में छात्रों का भविष्य सुरक्षित है : डॉक्टर ज्योति रंजन

**सच्ची मेहनत और लगन को गोल ने दिया सम्मान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** गोल ने नीट में सफल 50 विद्यार्थियों को उनके मेहनत और परिश्रम का सम्मान दिया। इस अवसर पर एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉक्टर ज्योति रंजन ने बताया कि विगत कई वर्षों से गोल धनबाद में मुझे बतौर मुख्य अतिथि आने का मौका मिला एवं कोयलांचल के भावी चिकित्सकों को सम्मानित कर गौरवांवित हुआ हूं। मेडिकल की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को अब कहीं अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल जैसी संस्थान के हाथों में यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित है। वहीं, आईआईटी आईएसएम के डिप्टी डायरेक्टर प्रो धीरज कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों के सुखद भविष्य की कामना की एवं तैयारी कर रहे मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के छात्रों को मार्गदर्शित किया। वहीं, गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि विगत 26 वर्षों से गोल कू पूरी टीम मेडिकल/इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए ईमानदारी से लगातार प्रयास कर रही है। नतीजतन कर वर्ष सैंकड़ों छात्र विभिन्न सरकारी कॉलेजों के साथ ही देश के शीर्ष 10 कॉलेजों में दाखिला ले रहे हैं। अभिभावक एवं छात्रों का भरोसा ही है, कि कम छात्रों में प्रतिशत सफलता हर वर्ष शानदार है, जो मनोबल को बढ़ाने वाली है। गोल गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन, सही मार्गदर्शन एवं सफलता दिलाने वाली ही वो सक्रियता के लिए कटिबद्ध है।

गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि विगत 23 वर्षों से हमारे संस्थान के विद्यार्थियों ने कोयलांचल के साथ ही पूरे झारखण्ड में अपनी सफलता का लोहा मनवाया है। यहां के छात्रों में बड़ी प्रतिभा है। केवल इन्हें सही मार्गदर्शन में तरासे जाने की जरूरत है। यह बताते हुए गर्व हो रहा कि कोयलांचल के छात्र 10वीं, 12वीं और मेडिकल में भी केवल सफलता नहीं वरण टॉपर बन रहे हैं। गोल संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय ने कहा कि गोल का हर ब्रांच रिजल्ट ऑरिएन्टेड है। 26 वर्षों में अबतक 17 हजार से ज्यादा छात्र तो मेडिकल कॉलेजो में पढाई कर रहे है। बहुत सारे डॉक्टर बनकर देश के साथ विदेशों में भी मानवता की सेवा कर रहे हैं। विदित हो कि इस बार उक्त संस्थान से लगभग 600 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेजो में दाखिला की संभावना है। वहीं, 11 छात्रों ने 720 अंकों में 700 अंकों को पार किया हैं। गोल के पूर्व छात्रवर्ती छात्र ऑप्थेल्मोलॉजिस्ट डॉ मनोज कुमार ने बताया कि हम आज इतने सफल छात्रों के साथ तैयारी कर रहे छात्रों की इतना बड़ी संख्या देखकर गौरवान्वित महसुस कर रहे हैं, कि आज गोल संस्थान एक कुशल नेतृत्व में बड़ा रूप ले चुका है। कार्यक्रम के सफल संचालन में दीपक सर, अभिषेक कुमार, भारती, काली सिंह, पूजा, अरूण, सुनील, उमेश, वशीम आदि सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। वहीं, सफल छात्रों में हेमा मेहता, आलोक कुमार राय, मोहित कुमार दत्ता, अक्सा नूर, सकरा नाज, प्रिया कुमारी, राबिन चन्द्रा, सुदेशना दत्ता, कुमकुम कुमारी, अभिषेक दास, सोमा कुमारी, लक्ष्मी प्रिया सिंह, साक्षी सुमन, नीकिता कुमारी, हरिमोहन सिंह, दीपक कुमार, रितिक राज, अभनूर धात्री, सपना कुमारी, साक्षी जयसवाल, नादरा नूरसेन, अंजली, विक्रेता, डिगविजय, अनिता, आस्था, प्राची, विकास, स्वपनिल, दीपलता, साहिबा, कुलसुम, रौली कौशिक, जानवी, मैत्री, दिप्यांशु, शिवम, निहारिका, जिवंती, रोहित, विनित, दिपक, अंजली आदि शामिल थे।

## स्क्रीनिंग समिति की बैठक, 28 कर्मियों को एसीपी-एमएसीपी का लाभ देने का निर्णय



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक की। जिसमें कुल 28 कर्मियों को एसीपी-एमएसीपी का लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसमें प्रधान सहायक, लिपिक, ग्राम सेविका व अनुसेवक शामिल हैं। विदित हो कि एसीपी-एमएसीपी का लाभ वैसे कर्मियों को दिया जाता है जिनकी संतोषप्रद सेवा काल दस वर्ष पूरा हो चुका है। इस दौरान जिन कर्मियों का संतोषप्रद सेवा 10 वर्ष पूरा हो गया था। उन्हें प्रथम एसीपी-एमएसीपी का लाभ, जिनका सेवा 20 वर्ष उन्हें द्वितीय एसीपी-एमएसीपी और जिनकी सेवा 30 वर्ष पूरा हो चुका था, उन्हें तृतीय एसीपी-एमएसीपी का लाभ प्रदान किया गया हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर व छतरपुर के अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आरटीइ के तहत सत्र 2024-25 के लिए 117 बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में 2024-25 सत्र के लिये शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में कुल 117 बच्चों का एडमिशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। सभी 117 बच्चों के नामांकन के लिए अलग-अलग निजी स्कूलों में सीट आरक्षित कर दी गयी है। नामांकन के लिये जिले भर से कुल 124 बच्चों के आवेदन प्राप्त किये गये थे। जिले के अलग-अलग चार प्रखंडों के कुल 18 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत चयनित बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्रदान की जाएगी।

### आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के प्रति प्रशासन गंभीर : डीसी

**इस संबंध में डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मुफ्त में बेहतर शिक्षा प्रदान करना राइट टू एजुकेशन का मुफ्त उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों का एडमिशन पारदर्शी तरीके से हो इसी के मद्देनजर सभी आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किये गये थे। उन्होंने कहा कि चयनित बच्चों को एडमिशन लेने के बाद भविष्य में उनके पढ़ाई में किसी तरह की कोई समस्या ना आए इसे लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया है।**

गौरतलब हो कि जिले के डीसी शशि रंजन ने पलामू के गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मार्च महीने में एक पोर्टल प्रारंभ किया था, जिसके माध्यम से सभी बच्चों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये थे। सभी बच्चों को उनके घर के पते के नजदीक के ही स्कूल को टैग्ड किया गया है।

## क्रिकेट की दीवानगी गांव के खेत-खलिहानों से अंतरराष्ट्रीय मैदानों तक है : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के बंदुआ ग्राम में चंद्रशेखर आजाद क्लब की ओर से आयोजित कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बैट चलाकर किया। क्लब के अध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। खेल के मैदान में खिलाड़ियों दर्शकों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि क्रिकेट की दिवानगी खेत खलिहानों से होते हुए अंतर्राष्ट्रीय मैदानों तक बरकरार है। असली प्रतिभा तो गांव से ही निकलती है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमकेतु की तरह छा जाती है। हम सरकार व जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारियों से कहना चाहेंगे की गांव को संसाधन संपन्न बनाएं, ताकि राष्ट्रीय फलक तक रास्ता बच्चों को दिख सके। गांव मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। हम आयोजन समिति को धन्यवाद देना चाहते है की इतना बड़ा आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभा को निकालने का काम किया है। मैं आप सभी को भरोसा देता हूं कि हर संभव मदद के साथ आपके साथ खड़ा हूं। खिलाड़ियों से आग्रह होगा कि हमेशा खेल भावना से खेलिएगा। असली लोकतंत्र भाईचारा प्रेम खेल के मैदान में ही दिखता है। कोई एक ही टीम कि विजय होगी किंतु आनंद हम सभी उठाएंगे भावना से ऊपर होकर खेलें। इस तरह के आयोजन के लिए अध्यक्ष अभय वर्मा, सचिव ऋतिक पांडेय सहित पूरी टीम की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं।

## किसानों को मिलेगा केसीसी योजना का लाभ : योगेंद्र




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड बीससूत्री कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह और संचालन बीडीओ रोशन कुमार ने किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को केसीसी का लाभ मिले इसके लिए विभाग के कर्मी पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जमीन के म्यूटेशन में राजस्व कर्मियों द्वारा मोटी रकम की मांग की जाती है। इस मामले पर भी जांचोपरांत कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों के छात्राओं के बीच घटिया क्वालिटी का साइकल वितरण किया जा रहा है। इस मामले को लेकर भी जांच का निर्णय लिया गया है। साथ ही सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र के गरीबों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। वहीं आबुआ आवास में हो रहे अनिमियता की जांच कराने को लेकर एक कमेटी गठित की गयी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल, बीससूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, सदस्य विनय पासवान, हंसराज सिंह, रत्न लाल, अंजनी कुमार, राजू रंजन आदि मौजूद थे।

## लोस चुनाव के सभी बूथ टॉपर्स को भाजपा करेगी सम्मानित

**नौ जुलाई को सम्मान समारोह का आयोजन, विश्रामपुर आरसीआईटी सभागार में हुई बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी सभागार में गुरुवार को भाजपा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी और संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा संगठन संसदीय चुनाव में पार्टी के सभी बूथ टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा। विश्रामपुर विधानसभा के सभी बूथ विजेता अध्यक्ष के लिए यह सम्मान समारोह आगामी नौ अगस्त को आरसीआईटी सभागार में ही होगा। इस समारोह में सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी सहित पार्टी के जिला और मंडल स्तर के अधिकांश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। समारोह के आयोजन प्रभारी सुनील पासवान ने नौ जुलाई को आयोजित कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने 20 जुलाई को रांची में केंद्रीय गृहमंत्री के आगमन और इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति की बैठक के अलावा राज्यभर से पार्टी के 25 हजार से अधिक पदाधिकारियों के महाजुटान कार्यक्रम में अधिकाधिक भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण अध्यक्ष अमरेश तिवारी, पांडू अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह, उटारी रोड अध्यक्ष सुशील ठाकुर, नावाबाजार अध्यक्ष महादेव यादव, मनोरंजन गुप्ता, राधेश्याम विश्वकर्मा, उपेंद्र तिवारी, संतोष राम के अलावा विश्रामपुर मझिआंव विस क्षेत्र के गढ़वा जिला के मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, मनोज विश्वकर्मा, संजय यादव, पवन कुमार गुप्ता, उमाशंकर यादव सहित विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद थे।

## झारखंड सरकार कर रही दलित समाज की उपेक्षा: विजय रविदास



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर जिला पार्षद सह युवा भाजपा नेता विजय रविदास ने कहा कि झारखंड सरकार दलितों के साथ अन्याय कर रही है। दलितों की उपेक्षा राज्य सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में महंगा पड़ेगा। वे गुरुवार को विश्रामपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में एक भी दलित समाज का मंत्री नहीं है। इस सरकार ने अनुसूचित जाति आयोग को निष्क्रिय रखा। किसी को भी आयोग का अध्यक्ष तक नहीं बनाया गया। अभी पलामू जिला में चौकीदार की बहाली का विज्ञापन निकाला गया है, जिसमें दलित समाज के लिए एक भी पद आरक्षित नहीं किया गया है। कहा कि अगर झारखंड सरकार ने दलितों के साथ अन्याय करना बंद नहीं किया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जायेगा।**

## जिला उद्यान कार्यालय में हृदयाघात से बचाव की दी गयी जानकारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला उद्यान कार्यालय के तत्वाधान में गुरुवार को आत्मा सभागार में हृदयघात से बचाव के लिए सीपीआर विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेदिनीराय मेडिकल कालेज एवं अस्पताल (सदर अस्पताल) के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ रजी अहमद ने हृदयघात से बचाव के उपाय बताये। साथ ही हृदयघात की स्थिति होने पर चिकित्सकों तक किस अवस्था में मरीज को पहुंचाया जा सके। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हॉर्ट अटैक आपातकालीन स्थिति है। ऐसी परिस्थितियों में व्यक्ति या उसके परिवारजन घबरा जाते हैं, जबकि इसमें तत्परता दिखाते हुए संबंधित व्यक्ति को चिकित्सक तक पहुंचाने से जीवन बचने की प्रबल संभावना रहती है। जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण से कृषि, उद्यान, पौधा संरक्षण, अनुमंडल कृषि कार्यालय एवं अन्य विभाग के कर्मियों को फायदा होगा। वे इस गंभीर रोग की गंभीरता को समझ पायेंगे और अपनी जीवन बचाने की दिशा में सार्थक पहल कर पायेंगे। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी विवेक विरूआ, आत्मा के परियोजना निदेशक प्रवीण राज सहित उद्यान, पौधा संरक्षण, कृषि कार्यालय, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कार्यालय (सामान्य) एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कार्यालय (प्रक्षेत्र) के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग जांच सह उपकरण वितरण शिविर आयोजित

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर बीआरसी परिसर में दिव्यांग बच्चों की जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहले से चयनित 22 बच्चों को दिव्यांगता उपकरण वितरित किया गया। इसके अलावा 27 नए बच्चों को दिव्यांगता उपकरण के लिए चयनित किया गया। जिनको जनवरी 2025 में उपकरण दिया जायेगा। इस मौके पर जिला समावेशी प्रभारी राजीव चौबे, बीपीओ मणि कुमार पांडेय, समावेशी शिक्षक श्याम सुन्दर वर्मा, प्रशांत कुमार चौबे, एलिको भुनेश्वर की पूरी टीम सहित कई लोग मौजूद थे।

## जपला मुख्य डाकघर के डाक सहायक का निधन, जताया शोक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला मुख्य डाकघर के डाक सहायक भोलाप्रसाद (45) का निधन बिहार के आरा अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। इससे आहत कर्मचारियों-शुभचिंतकों ने मुख्य डाकघर में गुरुवार को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पिक की। इस अवसर पर अरविंद ओझा ने बताया कि भोला प्रसाद जीडीएस की परीक्षा पास कर एक वर्ष पहले ही जपला में डाक सहायक पद पर योगदान दिये थे। वे तीन महीने से किडनी की समस्या से ग्रसित होकर इलाज करा रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरा डाक परिवार मर्माहत है। निधन पर अभिषेक प्रभाकर, पप्पू कुमार, संतोष दुड्डू, मुन्ना पाठक, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, कैलाश मेहता, ज्योति कुमार, सोमनाथ आदि ने शोक जताया।**

# स्पोर्ट्स



विम्बलडन 2024 के दूसरे राउंड में फैबियो भोगनिनी ने कैस्पर रूट को हरा दिया।

## विंबलडन 2024 में फोगनिनी ने रूड को हरा कर बाहर किया, कार्लोस अल्कारेज तीसरे दौर में पहुंचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विम्बलडन 2024 के दूसरे राउंड में इटली के फैबियो फोगनिनी ने नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर बाहर कर दिया। चार सेट चल इस मैच को फोगनिनी ने 6-4, 5-7, 6-7 (7), 6-3 से जीत लिया। यह मुकाबला 3 घंटे 17 मिनट तक चला। डिफेंडिंग चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कारेज भी तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। अल्कारेज ने ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड नंबर 69 एलेक्जेंडर वुकिक को 7-6 (7/5), 6-2, 6-2 से हराया। नाओमी ओसाका को बुधवार को अमेरिका की एम्मा नवारो ने दूसरे दौर में हराकर बाहर कर दिया। 2018 के बाद से अपना पहला विम्बलडन खेल रही ओसाका को सेंटर कोर्ट पर एक घंटे से भी कम समय में 6-4, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा।

### साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम

टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरूआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त-सितंबर में वर ओपन होता है। वर ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।

### ऑल इंग्लैंड क्लब कराता है विम्बलडन

विम्बलडन इकलौता ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है, जिसका आयोजन कोई नेशनल टेनिस एसोसिएशन नहीं करता है। इसे ऑल इंग्लैंड क्लब आयोजित करता है। क्लब की स्थापना 1868 में हुई थी।

टेनिस पहले क्रॉकेट कहलाता था। 6 मेंबर्स ने मिल कर ऑल इंग्लैंड टेनिस और क्रॉकेट क्लब की शुरूआत की और फिर आगे चलकर इन्हीं ने 1877 में विम्बलडन टूर्नामेंट शुरू किया। आज यह प्राइवेट क्लब है और इसमें 500 मेंबर हैं। प्रिंसेस ऑफ वेल्स इस क्लब की मालकिन रहती है। इस समय कैथरीन एलिजाबेथ मिडिलटन इसकी मालकिन हैं।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## धनबाद आयुष फाउंडेशन ने बड़वाटांड़ बस्ती में बांटी शिक्षा और राहत सामग्री



धनबाद (आजाद सिपाही)। आयुष फाउंडेशन के 12 इंटर्नशिप कर रहे लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने गुरुवार को बड़वाटंड बस्ती का दौरा किया। उक्त बस्ती में 37 लोगों का एक बंजारा परिवार निवास करते हैं। दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बस्ती के जीवन की कठिनाइयों से अवगत कराना और उनकी सहायता करना था। फाउंडेशन की सचिव अर्पिता अग्रवाल ने बताया कि संस्था पिछले तीन सालों से इस बस्ती के निवासियों की मदद कर रही है। फाउंडेशन ने राशन कार्ड, बैंक अकाउंट खोलने, बच्चों के स्कूल में नामांकन करवाने और समय-समय पर अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में योगदान दिया है। इस दिन विद्यार्थियों ने बस्ती में रह रहे बच्चों को पढ़ाया और उन्हें कॉपी, पेन, पेंसिल, कटर, रबड़, स्केच पेन, मोम रंग, केला, बिस्कुट, आम, टॉफी, पुराने कपड़े और कुछ राशन वितरित किया। साथ ही बस्ती के निवासियों के जीवन को करीब से देखा और उनकी कठिनाइयों का अनुभव किया। संस्था के उपाध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को गरीबी और जीवन की चुनौतियों का अनुभव कराना था, ताकि वे भविष्य में ऐसे लोगों की हर संभव मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि 'विद्यार्थियों को एक ऐसी जगह पर लेकर गए जहां उनका टॉपिक वेस्ट मैनेजमेंट था। यहां के निवासियों ने अपने हाथों से अलग-अलग कलाकृतियां बनाकर रोजगार का साधन बनाया है।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन



पूर्वी टुंडी (आजाद सिपाही)। आजसू की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आजसू के केंद्रीय महासचिव संतोष कुमार महतो, केंद्रीय सचिव भास्कर ओझा, केंद्रीय सदस्य सफीक आलम, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष काजल कुमार, आजसू नेता नरेश महतो और मोहन साव ने व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में हल्ला बोला और 11 सूत्री मांग को लेकर बीडीओ अमृता सिंह और सीओ देवराज गुप्ता के नाम अंचल निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बिजली, पानी, अबुआ आवास एवं अन्य जरूरी बिंदुओं को विषय में रखा गया है। इस मौके पर सचिव पप्पू मंडल, महिला प्रखंड अध्यक्ष टुंपा कुमारी, साकेत मिश्रा, कुंदन मंडल, बिरेन मंडल, दिलीप मंडल, निरंजन दास, राजकिशोर दे, कंचन देवी, रोहित मंडल, संजय मंडल, आशीष मंडल, काजल मंडल, सामोली देवी, प्रमिला देवी, जितन मोहली आदि उपस्थित थे।

## मैथन में चलती कक्षा में गिरा एस्बेस्टस से बनी छत का हिस्सा, बाल-बाल बचीं छात्राएं



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। मैथन स्थित वरीय बुनियादी विद्यालय के कक्षा 8 में पढ़ रही 38 छात्राएं उस वक्त बाल-बाल बची जब बारिश के दौरान कक्षा का एस्बेस्टस से बना छत भर भराकर गिर गया। प्रधानाध्यापक उत्तम घाटी ने इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एसके मंडल को दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि डीवीसी द्वारा निर्मित यह विद्यालय में कुल 11 क्लासरूम है। इनमें से अधिकतर क्लासरूम जर्जर अवस्था में है जिन्हें बनाने के लिए वे कई बार पत्राचार कर चुके हैं। यही नहीं वे शिक्षा विभाग को भी कई पत्र दे चुके हैं, लेकिन अब तक विद्यालय बनाने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। विद्यालय में नामांकित करीब 600 छात्र-छात्राएं जर्जर क्लास रूम में ही पढ़ने को मजबूर है।

## मैथन में घर-घर सर्वे कर नये मतदाताओं का नाम जोड़ने का काम शुरू



एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सबसे कम प्रतिशत वाले बूथ में विशिष्ट अनुभाजन अधिकारी सह धनबाद एइआरओ एवं बीडीओ मधु कुमारी ने घर-घर जाकर सर्वे किया। इस दौरान मतदाता सूची में एएसडी वोटरों की जांच की गयी और नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का आदेश दिया गया। इस दौरान सबसे कम फीसदी वाले बूथ पर विशेष रूप से भ्रमण कर बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया। चुनाव के कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी बरतने की चेतावनी दी गयी। ऐसा नहीं करने पर नियम अनुसार कार्रवाई की बात कही गयी। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए। जो छूट गया है उसका नाम अविलंब जोड़ा जाए और जो यहां से दूसरी जगह चले गये हैं या जिनकी मौत हो चुकी है या दूसरे बूथ में चले गए उनका नाम अविलंब हटाते हुए बीएलओ एप में अपलोड किया जाए। मैथन के बूथ संख्या 262, 261, 277, 275, 270, 257 और 269 बूथ का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। कारण जानने की कोशिश की गयी कि यहां किन कारणों से मतदान कम हुआ। जिसकी रिपोर्ट जिला के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को आदेश दिया गया की घर-घर जाकर सर्वे का कार्या अविलंब पूरा करें। मौके पर लिपिक छत्रपति शिवाय किस्कू, बीएलओ सुपरवाइजर माधव सूत्रधार, मोहम्मद सलीम, बीएलओ सुपरवाइजर सह सीआरपी पंकज कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## बेरमो में मतदाता सूची को लेकर बैठक

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में नए मतदाताओं के नाम को जोड़ने और मृत मतदाताओं के नाम को विलोपित करने को लेकर सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर साथ बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता सीओ संजीत कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि एसएसआर 2024 के अवसर पर नए मतदाताओं को जोड़ने, जो मृत मतदाता हैं या स्थाई रूप से यहां से चले गए हैं उनके नाम को विलोपित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत घर-घर जाकर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर सर्वे करेंगे। नए मतदाताओं को फॉर्म 6, मृत मतदाताओं के लिए फॉर्म को भरवाएंगे।

# स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संविदा कर्मी अश्विनी शर्मा के बिलबेरा आवास पर इडी का छापा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** टुंडू पंचायत के बिलबेरा कालीनगर स्थित स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संविदा कर्मी अश्विनी शर्मा के आवास पर गुरुवार को ईडी की टीम ने दबिश दी। छह सदस्यीय टीम अहले सुबह करीब पांच बजे अश्विनी के घर पहुंची। वर्तमान में अश्विनी धनबाद के एक प्राइवेट बैंक में कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर कार्यरत है। वर्ष 2011-12 में स्वास्थ्य मिशन में हुए घोटाला मामले में ईडी की अलग-अलग टीम धनबाद में पांच जगह छापामारी कर रही है। इडी की टीम प्रमोद सिंह के अलावा उनके करीबी रविंद्र सिंह, अश्वनी शर्मा, दिव्या प्रकाश और ड्राइवर अजीत सिंह के ठिकानों की भी जांच कर रही है। अश्विनी अपने पिता जगत शर्मा के बिलबेरा स्थित बीसीसीएल आवास में रहते हैं। बताया जा रहा कि स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्य करने के दौरान प्रमोद ने अश्विनी को अपने साथ रखा था। गबन की रकम का लेन देन अश्विनी के बैंक खाते में हुई थी। मामले की जांच करने के दौरान ईडी की रडार में अश्विनी आ गये थे। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का भी मामला दर्ज की गई थी। उस वक्त झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो ने नेशनल रूरल हेल्थ मिशन में पीएचसी (प्राइमरी हेल्थ सेंटर) के लिए वर्ष 2011-12 में आवंटित 6 करोड़ 97 लाख 45 हजार रुपए से अधिक की राशि के गबन का मामला पकड़ में आने के बाद 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। आरोप है कि इनलोगों ने पीएचसी के लिए आवंटित राशि को अपने खाते में मंगवाकर खर्च की। प्रमोद के खातों में पीएचसी के 10 अकाउंट की राशि ट्रांसफर की गई थी। पत्नी प्रिया सिंह के अकाउंट में गलत तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए थे। घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद प्रमोद कोयले के कारोबार से जुड़ गया। समाचार लिखे जाने तक अश्विनी के अवास पर छापामारी जारी थी

### लड़कियों से न्यूड वीडियो कॉल कराने का झांसा देकर करते थे ठगी

# पांच साइबर ठग गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडौली डैम के समीप छापामारी कर पांच शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त बदमाश लड़कियों से न्यूड वीडियो कॉल कराने का झांसा देकर और गर्भवती महिलाओं को मातृत्व लाभ राशि दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। उनकी पहचान देवघर जिले के मरगोमुंडा निवासी दिलीप मंडल, पवन कुमार मंडल, मोजज्म अंसारी, बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी प्रवीण कुमार मंडल और तीसरी थाना क्षेत्र के कटकोको निवासी राजू बेसरा के रूप में हुई है। इसकी जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने दी। वे गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधी बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडौली डैम के समीप ठिकाना बनाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी सूचना के बाद साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें पुनि रोहित कुमार महतो, पुअनि पुनित कुमार गौतम, आरक्षी जितेंद्रनाथ महतो, अरविंद कुमार शामिल थे। जिसने खंडौली डैम के पास उस स्थान पर छापामारी कर सभी ठगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 7 मोबाइल फोन, 8 सिमकार्ड, दो बाइक और पांच एटीएम कार्ड बरामद हुआ है। पुलिस ने जब इन साइबर अपराधियों से पूछताछ की तो बताया कि वे लोग लड़कियों से अलग-अलग नंबर पर फोन लगाकर न्यूड वीडियो कॉल करते थे। फिर उन्हें ब्लैकमेल कर ठगी करते थे। इसके अलावे गर्भवती महिलाओं को मातृत्व लाभ राशि दिलाने, कैश बैंक के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर ठगी करते थे। साथ ही फर्जी सिमकार्ड और बैंक खाते के जरिये भी लोगों को चुना लगाते थे। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस का अभियान निरंतर जारी है।



पकड़े गये साइबर ठगों की जानकारी देते गिरिडीह एसपी और अन्य अधिकारी।

# लूटकांड का उद्भेदन, चार गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित गोडतोपा में विगत दिन लूटकांड की घटना का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने दी। वे गुरुवार का आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि टिंकू कुमार बाउरी नामक वादी के बयान के आधार पर गोविंदपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। उक्त घटना के उद्भेदन और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोविंदपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गयी। जिसने लूट की बाइक के साथ ही बदमाशों की दो बाइक भी बरामद कर ली। लसगे हाथ घटना में शामिल आरोपित मो बबलू अंसारी, जावेद अंसारी, वाहिद अंसारी उर्फ चिंकु एवं संदीप पासवान उर्फ गोरखा को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से बाइक के अलावा चार मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। वहीं, छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोविंदपुर रविकांत प्रसाद, चिंतामणि रजक, शैलेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, दिनेश प्रसाद महतो, अमृता खाल्गो, जवायदुल्लाह अंसारी, मनोज कुमार, गुरुदयाल सबर, सुमन कुमार और संजय कुमार महतो शामिल थे।

### फर्जी लॉटरी बेचने के आरोप में गिरफ्तार

दूसरी ओर कालूबथान ओपी अंतर्गत सावलापुर गांव में अवैध तरीके से लॉटरी प्रिंट कर लोगों को टिकट बेचने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी का निर्देश दिया। छापामारी के दौरान प्रकाश मंडल, मनोज मंडल, पिंटू मंडल, उत्पल मंडल, इसमें संलिप्त कामाख्या मंडल उर्फ कनिक एवं मलिंद मंडल को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान उनके पास से छापने वाला कूपन (24 कलर प्रिंट) एवं एक बड़ा जेरॉक्स मशीन, पेपर कटिंग मशीन चार पीस, नागालैंड स्टेट का छपा हुआ लॉटरी टिकट 164 बंडल, लैपटॉप, पांच बंडल पेपर आदि बरामद हुआ। वहीं, छापामारी टीम में पुलिस अधीक्षक राजीव प्रकाश प्रभारी कालूबथान ओपी, विजय कुमार यादव, आशुतोष यादव,प्रभात रंजन प्रभारी पंचेत,सुभाष प्रसाद यादव एवं दीपक कुमार बाउरी शामिल थे।

### विस्थापितों की समस्या जानने बेलगड़िया पहुंचे न्यायाधीश

# मूलभूत सुविधाओं का अभाव देख नाराज दिखे न्यायाधीश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर गुरुवार को अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन व एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने बेलगाड़ीया टाउनशिप का दौरा किया। न्यायाधीश ने बेलगाड़ीया टाउनशीप के हर ब्लॉक का जायजा लिया। इस दौरान वहां की स्थिति देखकर न्यायाधीश ने नाराजगी जताई। उपस्थित विस्थापितों में जारेडा के प्रति काफी आक्रोश था। विस्थापितों ने न्यायाधीश से अपनी समस्याओं को बताया। कहा कि वे लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। 35 चापानल में से केवल दो ही कारगर है। वह भी विस्थापितों ने चंदा एकत्र करते बनवाया हैं। मकान जर्जर अवस्था में है। कभी भी गिर सकते हैं। प्रतिदिन मकान के छज्जे गिर रहे हैं । साफ-सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में भी कोई डॉक्टर नहीं रहता। ना ही दवाई मिलती है। न्यायाधीश ने कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार को इन समस्याओं के निदान का निर्देश दिया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झालसा के आदेश पर उन्होंने इस दिन बेलगड़ीया टाऊनशीप का निरीक्षण किया है। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट झालसा को सौंपी जाएगी, ताकि यहां रह रहे विस्थापितों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## विधायक राज सिन्हा ने स्कूल में किया डीप बोरिंग का उद्घाटन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा ने मनईटांड़ भारती पब्लिक स्कूल प्रांगण में जल उपलब्धता के लिए डीप बोरिंग की मांग को पूरा कर गुरुवार को विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष रामदरश भारती ने किया। डीप बोरिंग विधायक निधि से निर्मित होनी है। इस मौके पर मौसम सिंह, सतीश रजक, सपन कश्यप, चुन्नू सिंह, अरुण सिंह, चंदन गोस्वामी, दीपक गुप्ता, रामचंद्र पंडित, दीपक झा, राजेश शर्मा, मनोज मलाकार, मंजीत सिंह, अजीत शर्मा, अजन शर्मा, रमेश सिंह, सचिन कुमार, रिचा भारती, सुभाष कुमार, कंचन सिंह, सरोज पाठक, मंजू तिवारी व प्रेम शंकर आदि उपस्थित थे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



**अपराधकर्मी**

नाम आनन्द कुमार सोनी उर्फ सोनू सोनी, पे0 विजय प्रसाद सोनी, सा0 चैनपुर सोनार मोहल्ला, थाना चैनपुर, जिला पलामु हैं,

उपरोक्त अपराधकर्मी आपके क्षेत्र में या आपके आसपास नजर आते है तो इसके संबंध में कृपया नीचे अंकित मोबाईल नम्बर/फोन नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते है। इनकी खोजबीन हेतु जनसाधारण का सहयोग अपेक्षित प्रतीत होता है। उक्त अपराधकर्मी के संदर्भ में पहचान करने वाले व्यक्ति को राँची पुलिस के द्वारा 50,000/-(पच्चास हजार रूपया) का ईनाम दिया जायेगा एवं पहचानकर्ता/सूचनादाता का नाम पता गोपनियता बरकरार रखी जायेगी।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त अपराधकर्मी कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक नगर, राँची। -9431706137
पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची। -9431770077
ओ0पी0 प्रभारी पण्डरा राँची। -9431706878

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 328642 (Police) 24-25 (D)



**जिला स्तरीय कार्यालय**
**झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़**
**राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर,गोला रोड़, रामगढ़ कैंट**
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० - 06553-231133,

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ के अंतर्गत जिले में संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में रिक्त 08 पूर्णकालिक शिक्षिका के चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन जिसका विज्ञापन संख्या-999, दिनांक-20.10.2023 है, के आलोक में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के पश्चात औपबंधिक मेधा सूची एवं सम्पूर्ण विवरणी रामगढ़ जिले के आधिकारिक वेबसाईट ramgarh.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। जिन अभ्यर्थियों को औपबंधिक सूची के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो वे दिनांक-11.07.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक अपना दावा/आपत्ति झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, रामगढ़ में हाथो-हाथ/डाक (डाक का पता-झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़, पिन-829122/ई-मेल-ssa_ramgarh@rediffmail.com) के द्वारा दर्ज करा सकते हैं।

ह०/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,समग्र शिक्षा अभियान रामगढ़

PR 328682 District(24-25).D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email Id -awc24.monitoring@gmail.com

**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार का अर्धसरकारी पत्रांक - CW-II-22/6/2022-CW-II(E-99580), दिनांक 05.07.2022 के आलोक में केन्द्र प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण योजना को पुनरीक्षित कर मिशन वात्सल्य योजना के रूप में संचालित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई में संविदा आधारित रिक्त पदों के विरूद्ध यथा परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं आंकड़ा विश्लेशक के पद हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

1. नियुक्ति हेतु आवश्यक अर्हत्ताएँ -

| क्र0 स0 | पोस्ट कोड | यूनिट | पदनाम (Designation) | पद की संख्या | आयु सीमा | Salary/ PM | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभवन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DCPS 05 | DCPS | परामर्शदाता (Counsellor) | 1 | 30-45 | 18536/- | किसी मान्यता प्राप्त विश व विद्यालय से समाज कार्य/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान/जनस्वास्थ्य/काउंसलिंग में स्नातक। काउंसलिंग और संचार में पीजी डिप्लोमा। वरीयतः महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सरकार/एनजीओ के साथ काम करने का कम से कम 01 साल का अनुभव। कंप्यूटर में प्रवीणता। |
| 2 | DCPS 06 | DCPS | समाजिक कार्यकर्त्ता (Social Worker) | 2 | 30-45 | 18536/- | स्नातक वरीयतः किसी मान्यताप्राप्त विष्वविद्यालय से समाज कार्य/समाजशास्त्र/सामाजिक विज्ञान में स्नातक। ऐसे उम्मीदवार को वेटेज दिया जाएगा जिनके पास कार्य अनुभव होगा। कंप्यूटर में प्रवीणता। |
| 3 | DCPS 08 | DCPS | आंकड़ा विश्लेषक (Data Analyst) | 1 | 30-45 | 18536/- | किसी मान्ता प्राप्त विश व िवद्यालय में सांख्यिकी/गणित/अर्थशास्त्र/ कंप्यूटर में स्नातक ऐसे उम्मीदवार को वेटेज दिया जाएगा जिनके पास कार्य अनुभव होगा। कंप्यूटर में प्रवीणता। |

2. आयु सीमा :-
नियुक्ति हेतु आयु की गणना अधियाचना वर्ष की पहली अगस्त अर्थात दिनांक 01.08.2024 के आधार पर की जायेगी।

3. चयन प्रक्रिया :-
I. सभी पदों हेतु आवेदन उपायुक्त, रामगढ़ के नाम से समाहरणालय (ब्लॉक-B), जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ, पिन - 825101 के पते पर निबंधित डाक/स्पीट पोस्ट के माध्यम से समर्पित करेंगे।
II. जिला स्तरीय पदों की नियुक्ति सेवा शर्त एवं कर्त्तव्य नियमावली 2016 के नियम 13 (ख) के अन्तर्गत गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
III. सेवा शर्त एवं कर्त्तव्य नियमावली, 2016 में वर्णित राष्ट्रीयता परिलब्धि, नियुक्ति का प्रकार पदस्थापन स्थल एवं नियुक्ति की अवधि/नियुक्ति का नवीकरण से संबंधित नियमों का अक्षरशः पालन करना आवश्यक होगा।
IV. कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या - 3198, दिनांक 18.04.2016 के द्वारा झारखण्ड के स्थानीय निवासी की परिभाषा एवं पहचान की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। संविदा आधारित उक्त समूह के पदों पर चयन के क्रम में उक्त संकल्प के प्रावधान लागू होंगे।
V. संविदा आधारित उक्त पदों के चयन में राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित आरक्षण/रोस्टर के प्रावधान लागू होंगे।

4. आवेदन करने की प्रक्रिया -
I. आवेदन प्राप्त करने कि अंतिम तिथि 19.07.2024 हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा साथ ही अपूर्ण आवेदन तथा आवश्यक निर्धारित मापदण्डो को पूरा नहीं करने वाले अभ्यर्थी का आवेदन विचारार्थ स्वीकर नहीं किया जायेगा।
II. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते है तो उन्हे अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग आवेदन देना अनिवार्य होगा।
III. आवेदन पत्र के साथ (1) शैक्षणिक अंक प्रमाण पत्र (2) अतिरिक्त वांछित शैक्षणिक/डिप्लोमा प्रमाण पत्र (3) सक्षम प्राधिकार द्वारा झारखण्ड राज्य के लिए निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र (4) आरक्षित पदों हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (5) संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र से संबंधित नियुक्ति पत्र तथा संस्थान में किए गए कार्यो के विरूद्ध भुगतेय राशि से संबंधित Salary Slip/Bank Passbook की विवरणी की पठनीय सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

5. किसी भी प्रकार के विरोधाभास/संशय की स्थिति जिला नियुक्ति समिति, रामगढ़ का निर्णय सर्वमान्य होगा।
6. प्रकाशित आम इस्तेहार में किसी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने हेतु उपायुक्त, रामगढ़ सक्षम प्राधिकार होंगे।
7. आवेदन समर्पित करने संबंधी विस्तृत जानकारी **http://ramgarh.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/-
उपायुक्त,रामगढ़।

PR 328685 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)D

# वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया का ग्रैंड वेलकम, मरीन ड्राइव पर 3 लाख से ज्यादा फैंस



# सभी सरकारी काम ओड़िया भाषा में होंगे : मोहन माझी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के सीएम मोहन माझी ने सीएमओ से आधिकारिक तौर पर काम शुरू करने के मौके पर कहा कि सभी सरकारी काम ओड़िया भाषा में किए जायेंगे। सीएम ने सचिवालय भवन की तीसरी मंजिल पर सीएमओ का आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभाला। गौरतलब है कि शपथ लेने के बाद वे स्टेट गेस्ट हाउस के अस्थायी कार्यालय में काम कर रहे थे।

गुरुवार को सुबह मुख्यमंत्री मोहन माझी ने लोक सेवा भवन में प्रवेश किया और आधिकारिक तौर पर सीएमओ से काम करना शुरू किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव और पार्वती परिदा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर ओड़िशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव निकुंज बिहारी धाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी भी मौजूद थे। सभी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।


इस अवसर पर मीडिया को दिये गये बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आदेश दिया है कि सभी सरकारी दस्तावेज ओड़िया में ही प्रस्तुत किये जायें। उन्होंने कहा कि ओड़िशा की सांस्कृतिक प्रगति और ओड़िया भाषा की स्थापना, विकास, संरक्षण और प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता दी जायेगी।

साहित्य, संगीत, नाटक और ललित कला की तीनों अकादमियों को पुनर्गठित करने और उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए कदम उठाये जायेंगे। ओड़िसी शोध केंद्र को चालू किया जायेगा। 'ओडिया अस्मिता' पर गुणात्मक शोध को बढ़ावा दिया जायेगा। ओडिशा में पढ़ने की आदत को बढ़ाया जायेगा और पुस्तकालयों को बढ़ाने के आंदोलन को व्यापक और व्यवस्थित बनाया जायेगा।

ओड़िया भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए अनुवाद अकादमी की स्थापना की जायेगी। भाषा के लिए आधुनिक, सरल और सुलभ तकनीक के उपयोग का प्रावधान किया जायेगा। ओड़िया अस्मिता भवन का निर्माण किया जायेगा। भाषा आयोग का गठन किया जायेगा। सरकारी कामकाज ओड़िया भाषा में किया जायेगा। सरकारी स्तर पर ओड़िया भाषा के प्रयोग को व्यापक बनाने के लिए आवश्यकता पड़ने पर राजभाषा अधिनियम में संशोधन किया जायेगा। ओड़िया भाषा संस्थान का पुनर्गठन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में एकीकृत संस्कृति भवन के निर्माण से जिले की कला संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। हाइस्कूल स्तर पर ओड़िया भाषा के शिक्षकों की भर्ती पर विचार किया जायेगा। सरकार राज्य के विभिन्न विरासत और सांस्कृतिक समूहों के विकास को महत्व देने के लिए कृतसंकल्प है। सभी कार्य लोगों के सहयोग और परामर्श से किये जायेंगे।

# पुरी में एआरआइ ₹51,000 रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सतर्कता विभाग ने पुरी में एआरआइ पर छापा मारा है, उन्हें 51,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है। गुरुवार को पुरी जिले के पुरी तहसील के अंतर्गत चंदनपुर आरआइ कार्यालय के एआरआइ पवित्र कुमार कंडी को ओड़िशा सतर्कता विभाग ने एक शिकायतकर्ता से 51,000 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए गिरफ्तार किया है। रिश्वत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आरओआर (भूमि पट्टा) जारी करने के लिए कृषि भूमि को वासभूमि (घरबारी) भूमि में बदलने की सुविधा के लिए ली गयी थी। आरोपी श्री कंडी, एआरआइ से रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली गयी है और उसे जब्त कर लिया गया है। सफल ट्रैप के बाद डीए एंगल से श्री कंडी, एआरआइ के तीन स्थानों पर एक साथ तलाशी चल रही है। इस संबंध में भुवनेश्वर सतर्कता पीएस केस संख्या 12/2024 यू/एस 7 पीसी (संशोधन) अधिनियम, 2018 पंजीकृत किया गया है।

# रथयात्रा के मद्देनजर रेल मार्ग से पुरी आनेवालों के लिए कई सुविधाएं

## इसीओआर की ओर से की गयी व्यवस्था

- रथ यात्रा के दौरान अतिरिक्त यात्री सुविधाएं और सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।
- 15000 तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए तीर्थयात्री प्रतीक्षा क्षेत्र/शेड का प्रावधान।
- एआइ आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग सिस्टम का उपयोग करके विशेष ट्रेन भी चलायी जायेंगी।
- 15 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने की योजना।



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आगामी रथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने रेल मार्ग से पुरी आने वाले भक्तों को सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। विशाल भीड़ को देखते हुए स्टेशन परिसर की स्वच्छता और साफ-सफाई के साथ-साथ रथ यात्रा विशेष ट्रेनों की सुरक्षा और अतिरिक्त सेवाओं की योजना बनायी गयी है। यात्रियों की समस्याओं के साथ-साथ सुचारू ट्रेन संचालन के लिए चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष खोलना। स्टेशन पर प्रभावी घोषणाओं और अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटरों के माध्यम से टिकटों के सुचारू वितरण पर जोर दिया जाना है। मार्ग के स्टेशनों पर यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं पर ध्यान दिया गया है। इसीओआर ने रथ यात्रा व्यवस्था के लिए व्यापक तैयारी की है। रथ यात्रा के दौरान रेलवे द्वारा लागू किये जाने वाले उपाय में भीड़ प्रबंधन, ट्रेन सूचना प्रणाली/पूछताछ काउंटर, वीडियो वॉल डिस्प्ले, मोबाइल ऐप पर यूटीएस, अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटर और मोबाइल टिकट काउंटर, तीर्थयात्री प्रतीक्षा क्षेत्र/शेड और मेला शेड शामिल है। 15000 तीर्थयात्रियों और भक्तों, सुरक्षा व्यवस्था, खानपान और आतिथ्य, चिकित्सा सुविधाएं और एम्बुलेंस, साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति, जल आपूर्ति, स्वच्छता, सुरक्षा, पीने का पानी और पर्याप्त शौचालय का प्रावधान किया गया है। रेलवे का लक्ष्य त्योहार के दौरान 15 लाख यात्रियों को पुरी से लाने और ले जाने का है। इसके अलावा एआइ आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग सिस्टम का उपयोग करके विशेष ट्रेनें चलायी जायेंगी।

**विशेष रेलगाड़ियां :** रेलवे ओड़िशा के लगभग सभी हिस्सों और छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे पड़ोसी राज्यों से 315 से अधिक विशेष ट्रेनें चलायेगा। इन स्पेशल ट्रेनों को चलाने के लिए बड़ी संख्या में अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे। सुखद और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनों की सफाई और पानी की व्यापक व्यवस्था की गयी है। एआइ आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग सिस्टम का उपयोग करके विशेष ट्रेन भी चलायी जायेंगी।

**अतिरिक्त टिकट काउंटर :** बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को संभालने के लिए पुरी रेलवे स्टेशन पर चौबीसों घंटे अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले जायेंगे। इसी तरह अन्य स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों के साथ-साथ भुवनेश्वर, कटक, खुर्दा रोड, ब्रह्मपुर, बालूगांव, खालोकोट, पारादीप, भद्रक और जाजपुर क्योंझर रोड पर व्यस्त समय में अतिरिक्त बुकिंग काउंटर खोले जायेंगे।

**पूछताछ काउंटर और सूचना केंद्र**
पुरी रेलवे स्टेशन पर मौजूदा काउंटरों के अलावा अतिरिक्त पूछताछ काउंटर खोले जायेंगे। ये काउंटर रणनीतिक रूप से सकुर्लेटिंग एरिया में और प्लेटफॉर्म के अंतिम छोर पर अस्थायी प्रवेश बिंदु के पास स्थित होंगे। यात्रियों को मार्गदर्शन देने के लिए प्लेटफार्मों के बफर छोर के पास यात्री सहायता डेस्क स्थापित किये जायेंगे। यात्री ट्रेन चलने की जानकारी, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा सहायता आदि के बारे में भी पूछताछ कर सकते हैं।

**मेला शेड :** पुरी रेलवे स्टेशन पर चौबीसों घंटे राज्य के भीतर और बाहर विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में भक्तों के आने की उम्मीद है। उन्हें आराम करने और शौचालय/स्नान की सुविधा प्रदान करने के लिए भक्तों को समायोजित करने के लिए पुरी रेलवे स्टेशन पर एक अस्थायी मेला शेड बनाया जा रहा है। स्थायी मेला शेड और अस्थायी मेला शेड में एक समय में 15 हजार भक्तों/तीर्थयात्रियों को जगह मिलेगी।

**खानपान एवं पेयजल :** पुरी रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा के अलावा चाय, नाश्ता, पानी की बोतलें और जनता भोजन की बिक्री की व्यवस्था की जा रही है। पुरी रेलवे स्टेशन के पीएफ पर कई पीने के पानी के नल उपलब्ध हैं। यात्रियों को ठंडा पेयजल सुनिश्चित करने के लिए वाटर कूलर भी उपलब्ध हैं। मार्ग के प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त खाद्य स्टॉल काम करेंगे।

**स्वच्छता :** मेला शेड, सकुर्लेटिंग एरिया सहित स्टेशन परिसर में उचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे पर्याप्त पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

**मेडिकल सहायता :** मेडिकल सहायता बूथ पुरी रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में चौबीसों घंटे काम करेगा। इसमें पर्याप्त डॉक्टर, नर्स और अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ होंगे और इसमें एम्बुलेंस सेवा भी होगी।

**रोशनी :** पुरी रेलवे स्टेशन पर रोशनी, पंखे, बिजली के उपकरण और अन्य यात्री सुविधा सेवाओं की निर्बाध कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए रेलवे द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

**एलसी गेट प्रबंधन :** एलसी गेटों के माध्यम से सड़क यातायात के भारी प्रवाह को ध्यान में रखते हुए, ट्रेन सेवाओं और सड़क वाहनों की परेशानी मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एलसी गेट्स पर जीआरपी कर्मियों सहित अतिरिक्त जनशक्ति तैनात की जायेगी।

**बचाव और सुरक्षा :** पुरी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। चौबीसों घंटे तैनाती के लिए आरपीएफ, खोजी कुत्तों और जीआरपी की बड़ी टुकड़ियों को तैनात किया जायेगा। स्टेशन पर फायर टेंडर के साथ अग्निशमन सेवा कर्मी उपलब्ध रहेंगे। रणनीतिक स्थानों पर पर्याप्त अग्निशामक यंत्र उपलब्ध कराये गये हैं। असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए पूरी रेलवे स्टेशन की पूरी लंबाई और चौड़ाई में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। इसके अलावा भीड़ प्रबंधन के लिए भी कदम उठाये गये हैं।

# अंगुल में कॉलेज बस में आग लगने से छात्र बाल-बाल बचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के अंगुल जिले में एक चौंकाने वाली घटना में एक कॉलेज बस में आग लग गयी। गुरुवार दोपहर को इस संबंध में रिपोर्ट दी गयी। चलती कॉलेज बस में आग लग गयी। अंगुल कमलेश होटल रोड के पास बस में आग लग गयी। 3 जुलाई को कटक में बुधवार को एक बस में आग लग गयी। घटना खाननगर इलाके की बतायी गयी है। गौरतलब है कि आग लगने से बस पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। खबर मिलते ही कटक की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। कटक से पलालाहाड़ा जा रही बस का रजिस्ट्रेशन नंबर ओडी 05 डी 9921 है। सीएनबीटी के पास खाननगर ट्रैफिक में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गयी। कटक और चौलियागंज फायर स्टेशन के कर्मचारियों ने सूचना पर पहुंचकर आग को बुझाया। सभी 22 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।


DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**